P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 04 नवंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 07
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

कांग्रेस नेता पिंटू जोशी अब बेहतर



पेज-2

एमसीए ने दी हरमनप्रीत सहित भारतीय महिला टीम को बधाई



पेज-5

इंदौर मेट्रो खजराना से बड़ा गणपति तक होगी अंडरग्राउंड!



पेज-6

### आयोग और निगम मंडलों में युवाओं व नए चेहरों को मौका

# नियुक्ति की लिस्ट तैयार, बिहार चुनाव के बाद होगा ऐलान!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपनी नई टीम का गठन कर लिया है। अब निगम मंडल, आयोग और बोर्ड में खाली पदों पर नियुक्तियों की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार विधानसभा चुनाव मतदान के बाद कभी भी राजनीतिक नियुक्तियों की पहली लिस्ट जारी हो सकती है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक पहली लिस्ट में 15 से 20 नाम हो सकते हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की तरह ही निगम मंडल और आयोग में भी 50 से 60 फीसदी नए चेहरों और जमीनी युवा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे जाने की तैयारी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपनी नई टीम बना रहे हैं। जमीनी कार्यकताओं को मजबूत किए जाने के मॉडल पर भाजपा काम कर रही है। जिला कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। ज्यादातर जिलों की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी हैं। वहीं केंद्रीय नेतत्व की मंजरी के बाद प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी हो चुका है। अब निगम मंडल, आयोग और बोर्ड और प्राधिकरणों में नियुक्तियां होना हैं। निगम मंडल, आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य पद पिछले दो साल से खाली पड़े हैं। इससे इनका काम-काज भी प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले 45 निगम-मंडलों और बोर्डों में की गई पिछली नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। इसके बाद से इन संस्थाओं में किसी भी नियुक्ति नहीं हुई थी। इन पदों पर नियुक्तियों कर संगठन विधानसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को साधना चाहता है। निगम मंडल और आयोगों में स्थान पाने के लिए कई नेता भोपाल में सक्रिय हो गए हैं। खास तौर पर वे नेता, जो विधानसभा या लोकसभा चुनाव में टिकट से वंचित रह गए थे या जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, खुद को इन पदों के लिए उचित दावेदार के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। साथ ही संगठन में लंबे समय से सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

**इन्हें मिलेगा मौका**-विजयपुर से छठी बार विधायक रामनिवास रावत लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। वे वन मंत्री रहते हुए उप चुनाव हार गए थे। इन्हें भी निगम मंडल में स्थान मिल सकता है। सिंधिया समर्थक इमरती देवी कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश राजे से चुनाव हार गईं थी, वही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना को भी निगम मंडल में जगह दी जा सकती है।



### इंदौर में भी दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

मुख्यमंत्री के प्रभार जिले इंदौर में भी संगठन के पदों से वंचित नेता और आयातीत नेताओं की लंबी फेहरिस्त हैं, जो निगम मंडल के पदों पर बैठने के लिए प्रयासरत है। यह सभी नेता लंबे समय से इंदौर, भोपाल, दिल्ली एक किए हुए हैं। इन नेताओं पर नजर डाले तो इनमें प्रमुख तौर पर जीतू जिराती, टीनू जैन, सुदर्शन गुप्ता, गोपी नेमा, मुकेश रजावत, हरिनारायण यादव, चिंटू वर्मा, संजय शुक्ला और विशाल पटेल शामिल है।

### एसआईआर का विरोध, प्रदर्शन तक सीमित

# राहुल गांधी का 'बम' मप्र में फुस्स!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) 'बम' मप्र में फुस्स होता दिख रहा है। मतदाता सूची को लेकर राहुल गांधी ने कई बड़े आरोप लगाए लेकिन मध्यप्रदेश संगठन इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। दरअसल कल से मध्यप्रदेश में एसआईआर शुरू होगा लेकिन अबतक कांग्रेस के बूथ एजेंट नहीं बने है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अब तक 193 विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल एजेंट ही नहीं बन पाई है। 230 विधानसभा में सिर्फ 37 विधानसभा में बीएलए बने है। बीएलए के नाम नहीं आने के बाद संगठन ने 8 नवंबर की डेडलाइन तय की है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। घर-घर जाकर बीएलओ जानकारी जुटाएंगे। प्रत्येक बीएलओ पर करीब 1200 मतदाताओं की जिम्मेदारी रहेगी। एक-एक मतदाता के पास पहुंचकर जानकारी जुटाई जाएगी।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने बिहार सहित पूरे देश में हल्ला मचाया। वोट चोरी का आरोप लगाकर इसके विरोध में रैलियां निकालीं लेकिन हकीकत यह भी है कि पार्टी संगठन इसे लेकर गंभीर नहीं है। मध्य प्रदेश में मतदाता सूची में सुधार करवाने के लिए कांग्रेस बूथ लेवल एजेंट ही नहीं बना पाई है। जबकि, पार्टी नेता राहुल गांधी का पूरा फोकस मतदाता सूची में होने वाली कथित गड़बड़ी रोकने पर है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के इस काम को प्राथमिकता देने के निर्देश पर अब प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला प्रभारियों से कहा है कि आठ नवंबर तक हर हाल में बीएलए नियुक्त करके सूची भेजी जाए ताकि उन्हें प्रशिक्षित कर मतदाता सूची के सुधार कार्य में लगाया जा सके। उधर, भाजपा ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकतर बूथों पर एजेंट नियुक्त कर सूची आयोग को भेज दी है।

**केवल प्रदर्शन तक सीमित रहा अभियान**-कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पराजय मिलने के बाद मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा उठाना शुरू किया और बिहार में जब चुनाव आयोग ने एसआईआर किया तो पार्टी विरोध में सड़कों पर आ गई। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान शुरू किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं रही। मतदाता सूची की पड़ताल करने के लिए विधानसभा स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर दिए। प्रशिक्षण भी दे दिया लेकिन जिन बीएलए को मैदानी काम करना है, उन्हें नियुक्त ही नहीं किया गया। जबकि, तीन माह से संगठन महामंत्री संजय कामले इसके लिए लगातार निर्देश दे रहे हैं। इस बीच, सभी जिला अध्यक्षों का आवासीय प्रशिक्षण रविवार से नर्मदापुरम जिले के पर्यटन स्थल पचमढ़ी में प्रारंभ हो गया। अब 10 दिन वे वहीं रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला प्रभारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर निर्देश दिए हैं कि आठ नवंबर तक बीएलए नियुक्त कर दिए जाएं। निर्वाचन आयोग ने इस बार बीएलए की फोटो भी मांगी है ताकि उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। एजेंटों का काम मतदाता सत्यापन के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ घर-घर जाना और दावा-आपत्ति करने का होता है।



### प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिले में भी पिछड़े

जिला प्रभारी को दिए गए निर्देश बीएलए नियुक्त कर सूची भेजें। पार्टी बीएलए की होती है जिम्मेदारी बीएलओ के साथ घर-घर जाकर दावा आपत्ति करना होता है। नियुक्ति के बाद इलेक्शन कमीशन को बीएलए की सूची सौंपी जाएगी। इस बार इलेक्शन कमीशन ने बीएलए की फोटो भी मांगी है ताकि पहचान सुनिश्चित हो सके। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के गृह जिले में भी पिछड़े पार्टी भोपाल में भी अभी तक काम अधूरा है। भोपाल में केवल मध्य क्षेत्र की सूची प्राप्त हुई है। छिंदवाड़ा, ग्वालियर, खरगोन, छतरपुर, नर्मदापुरम जिले में बीएलए की नियुक्ति का काम पूरा हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

- 13000 करोड़ के ड्रग्स केस में ऋषभ बसोया को रेड कॉर्नर नोटिस जारी
- अगर मंदिर हमारे बच्चों का भविष्य तय करते हैं, तो बिहार में 200 मंदिर बनाइए-खेसारी लाल
- बिहार चुनाव : पहले चरण की 121 सीटों पर आज शाम थम जाएगा प्रचार, 6 नवंबर को 18 जिलों में वोटिंग
- सोनीपत में क्रिकेट कोच की गोली मारकर हत्या, चुनावी रंजिश में हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम
- कोयंबटूर गैंगरेप : तीनों आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, किया गया गिरफ्तार
- बिहार : राहुल गांधी आज पूर्णिया और बहादुरगंज में करेंगे रैलियां
- एसआईआर के खिलाफ पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी आज कोलकाता में प्रोटेस्ट करेंगी
- जेएनयू में छात्रसंघ का चुनाव आज, 6 नवंबर को घोषित किए जाएंगे नतीजे
- यूपी : बाराबंकी में भीषण सड़क हादसा, छह लोगों की मौत

# उज्जैन में हरि-हर मिलन, भगवान महाकाल पहुंचे गोपाल मंदिर

### शिव ने चार महीने के लिए सृष्टि का भार विष्णु को सौंपा



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • हरिहर मिलन के लिए महाकालेश्वर मंदिर से कल रात 11 बजे सवारी गोपाल मंदिर के लिए धूमधाम से निकली। आतिशबाजी के बीच सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी बाजार, पटनी बाजार होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी करते हुए भगवान महाकाल की सवारी का स्वागत किया। यहां सत्ता सौंपने के लिए भगवान महाकाल खुद सवारी में पालकी के सवार होकर अपनी बिल्वपत्र की माला पहनकर भगवान विष्णु के पास पहुंचते हैं।

# हर महिला के खाते में 14 जनवरी को आएंगे 30 हजार-तेजस्वी

**पटना (एजेंसी)** • महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने पहले चरण का चुनाव प्रचार थमने से कई बड़े वादे किए। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि इस बार जनता बदलाव मूड में है। इस बार का वोट परिवर्तन का है। उन्होंने कहा कि जनता पुरानी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। तेजस्वी यादव ने यह भी वादा किया कि सरकार सरकार बनते ही माई-बहिन मान योजना लागू कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी के दिन पूरे एक साल का 30 हजार रुपये माताओं-बहनों के खाते में डालने का काम हम करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि जीविका दीदियों का जितना शोषण इस सरकार में हुआ है, उनको कुछ नहीं मिला है।

# आतंकी सैफुल्लाह की धमकी के बाद एलओसी पर अलर्ट, सेना का मूवमेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर फिर होगा। इस सवाल को लेकर भारत से लेकर पाकिस्तान तक हलचल है। इसकी प्रमुख वजह पाकिस्तान की तरफ से लगातार सीमा के आसपास आतंकियों के 35 से ज्यादा लॉन्च पैड तैयार करना। पहलगाम अटैक के बाद ऑपरेशन सिंदूर में जिन 9 ठिकानों को भारतीय सेना ने तबाह किया था, इनमें से एक जगह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का बहावलपुर भी था।

अब यहां से हाल में कई वीडियो सामने आए हैं। जिनमें गजवा-ए-हिंद और भारत को ईंट का जवाब पत्थर से देने की बात कहकर उकसाया जा रहा है। साथ ही बांग्लादेश से पाकिस्तान की दोस्ती के भी दावे की बात सामने आ रही है। पाकिस्तान में दैनिक भास्कर को सोर्सेज से मिले कुछ वीडियोज से इनकी पुष्टि भी हुई है। ये अक्टूबर के बताए जा रहे हैं। पाकिस्तान और पीओके से 3 वीडियो सामने आए हैं। दो वीडियो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर के हैं। इसमें पाकिस्तान सेंट्रल मुस्लिम लीग का महासचिव और आतंकी राणा सैफुल्लाह भारत को धमकी दे रहा है। एक वीडियो में राणा सैफुल्लाह लोकल लोगों से कह रहा है कि अगर जिहाद के लिए पाकिस्तान ने ऐलान किया है, तो हम तैयार हैं। गजवा-ए-हिंद के लिए तैयार हो जाएं। वहीं दूसरे वीडियो में वो बांग्लादेश से पाकिस्तान के करीबी होने का दावा करता है। वो वीडियो में बोलता है, 'पहले भारत कहता था कि बांग्लादेश को हमने बनाया, लेकिन अब वही बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ खड़ा है।'



### शर्मनाक... नहीं थम रही है कांग्रेस में गुटबाजी

# चिंटू चौकसे और सुरजीत चड्ढा के बीच हुई तू-तू, मैं-मैं, वजह दिग्विजय सिंह

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा का एक ऑडियो लीक हो गया है। इस ऑडियो में दोनों कांग्रेस नेता पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बारे में बात कर रहे है। इस कथित ऑडियो में गुस्साए चिंटू चौकसे को सुरजीत शांत करने की कोशिश करते हुए समझाते है की वो पिता तुलय है लेकिन फिर भी सुरजीत के समझने के बाद भी चिंटू का गुस्सा कम नहीं होता है और वो कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह को गालियां बकने लगते है। हालांकि 'दैनिक इंदौर संकेत' वायरल हुए इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।



- ***चिंटू चौकसे** : फिर उन्होंने ये कैसे बोल दिया कि चिंटू मत आना, वो मत आना, उनके बाप के नौकर हैं क्या अपन?*
- ***सुरजीत चड्ढा** : ये गलत बात है, आपकी भाषा गलत है, वे पिता तुल्य हैं।*
- ***चिंटू चौकसे** : अगर पिता तुल्य हैं तो जयवर्धन सिंह को सार्वजनिक रूप से डांट दो कि मेरे पास मत आना, किसी के बाप के नौकर हैं क्या? पिता तुल्य हैं तो क्या सार्वजनिक रूप से गाली बकेंगे?*
- ***सुरजीत चड्ढा** : ऐसा क्या बोल दिया उन्होंने*
- ***चिंटू चौकसे** : राजू भदौरिया किसी की नौकरी कर रहा है क्या?*

(वायरल हुए ऑडियों में दोनों नेताओं के बीच जिन आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया, उन्हें हटा दिया गया हैं)

**विवाद की जड़ :** दिग्विजय सिंह और चिंटू चौकसे के बीच विवाद की शुरुआत करीब एक महीने पहले सितंबर माह के आखरी हफ्ते में हुई थी। इंदौर के शीतलामाता बाजार में कुछ दुकानों से मुस्लिम कर्मचारियों को उनके धर्म की वजह से हटाए जाने की खबर सामने आने के बाद दिग्विजय इंदौर पहुंचे और उन्होंने बाजार के व्यापारियों से मिलकर इस विषय पर चर्चा की थी। इस पूरे घटनाक्रम के समय शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे की अनुपस्थिति ने सबको हैरान कर दिया था। इस घटना के अगले दिन कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में चिंटू चौकसे ने बिना नाम लिए दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए बोला था कि 'भोपाल या बाहर से आने वाले नेता बिना किसी सूचना के अपने स्तर पर आयोजन रख लेते हैं।

# आशीष सिंह समेत चार अफसरों को मिलेगी सचिव रैंक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • राजधानी भोपाल में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह समेत 4 आईएएस सचिव बनेंगे। इनमें उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान समेत एक अन्य आईएएस शामिल हैं। इसके अलावा करीब 50 आईएएस अधिकारियों का भी ओहदा बढ़ेगा। ये अतिरिक्त सचिव से सचिव, सचिव से प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 50 से 60 अफसरों को भी क्रमोन्नति मिलेगी। ये डिप्टी कलेक्टर से संयुक्त कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर बनेंगे। इनका ग्रेड-पे भी बढ़ेगा। सरकार के स्तर पर ये तैयारियां शुरू कर दी है, जो नवंबर व दिसंबर में पूरी की जाएगी। ओहदा बढ़ाए जाने संबंधी आदेश 1 जनवरी से प्रभावी होंगे।



### एसएएस के ग्रेड-पे में ऐसे होगी बढ़ोतरी

वहीं जो डिप्टी कलेक्टर क्रमोन्नति के दायरे में आएंगे, उन्हें संयुक्त कलेक्टर बनाकर ग्रेड-पे 5400 से 6600 किया जाएगा। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर को अपर कलेक्टर बनाया जाएगा। जिनका ग्रेड-पे 6600 से बढ़ाकर 7600 होगा। जबकि क्रमोन्नति के लिए पात्र संयुक्त कलेक्टरों का ग्रेड-पे 7600 से बढ़कर 8700 होगा, इनके पदनाम में बदलाव नहीं होगा।

### कद बढ़ेगा, लेकिन करना होगा इंतजार

कई आईएएस व एसएएस की सेवाएं ली जा रही है। ये वे अधिकारी है जो कलेक्टर से लेकर एसडीएम जैसे पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में जिन अफसरों का ओहदा बढ़ना है और यदि वे एसआईआर से जुड़े कामों में लगे हैं तो उन्हें फरवरी के अंत तक मौजूदा पदों पर ही काम करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि काम खत्म होने तक मतदाता सूची से जुड़े कामों में लगे अफसरों को नहीं हटाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर एक शासकीय सेवक निलम्बित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर एक शासकीय सेवक को निलम्बित कर दिया है। उन्होंने शासकीय सेवक सहायक ग्रेड दो जितेन्द्र चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। बताया गया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत की जांच की गई। जांच में पाया गया कि तहसील कार्यालय सांवेर जिला इन्दौर में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान द्वारा तत्कालीन निर्वाचन पर्यवेक्षक द्वारा जिला नाजिर के पद पर रहते हुए बगैर उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन के अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) जितेन्द्र सोलंकी को जिला निर्वाचन कार्यालय से नजारत शाखा में संलग्न किया गया था। सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान की पदस्थापना जिला नजारत शाखा से तहसील सांवेर में की गई तो इनके द्वारा बगैर प्रभारी अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त किए अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) जितेन्द्र सोलंकी को नजारत शाखा से उसके मूल विभाग के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। इस प्रकार सहायक ग्रेड-2 श्री जितेन्द्र चौहान तहसील कार्यालय सांवेर जिला इन्दौर द्वारा अपने पदीय कर्तव्य का निर्वहन मनमाना एवं स्वैच्छाचारिता से किया गया ।

### सरयूपारिण ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन और सम्मान समारोह 8 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा जब सरयूपारिण ब्राह्मण समाज अपना भव्य दीपावली मिलन एवं वरिष्ठ समाजबंधुओं का सम्मान समारोह आगामी शनिवार, 8 नवम्बर 2025 को आयोजित करेगा। यह आयोजन अनंत वाटिका बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने होगा, जहां दीपों की रोशनी के साथ समाज की एकता और बंधुत्व की भावना नई ऊंचाइयों को छुएगी। यह आयोजन सरयूपारिण ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति, युवा संगठन, महिला समिति, तथा समस्त क्षेत्रीय इकाइयों और प्रकोष्ठों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। समारोह का उद्देश्य केवल पर्व का उत्सव नहीं, बल्कि समाज में उस परंपरा को सशक्त बनाना है जो 'साथ चलने और साथ बढ़ने' की भावना पर आधारित है। समारोह में समाज के वरिष्ठ और सम्माननीय सदस्यों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## ओडीएफ मुक्त शहर की तर्ज पर स्वच्छता के लिए फिर हल्ला बोल

# 32 पंचायतों को दिए थे सख्त निर्देश, अब वास्तविकता जानने पहुंच रहे गली-गली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर स्वच्छता में आठ बार अपना परचम लहरा चुका है, लेकिन अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी नासूर बनी हुई है। पूर्व अधिकारियों ने इंदौर जिले को ओडीएफ मुक्त करने के लिए सुबह 4 बजे से ही ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करने की पद्धति अपनाई थी। इसके बाद अब एक बार फिर स्वच्छता के लिए हल्ला बोल अभियान शुरू हुआ है। जिला पंचायत सीईओ सुबह तड़के ग्रामीण क्षेत्र की गलियों में दौरा कर रहे हैं। आज धार की बांक, सिंहासा, कलारिया, घाटा- बिल्लोद में छापामार कार्रवाई की।

इंदौर ग्रामीण व शहरी सीमा और हाइवे स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिए हल्ला बोल शुरू हुआ। स्वच्छता गतिविधियों का जायजा लेने के जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन हर दिन सुबह ग्रामों में छापामार कार्रवाई कर रहे हैं। कल देवगुराडिया गांव की गलियों का निरीक्षक किया गया था। निरीक्षण में सनावदिया रोड पर कचरे के ढेर पाए जाने पर कर्मचारियों की क्लास लगाई और तत्काल मशीन बुलवाकर सफाई कराई गई। आज टीम ने धार रोड पर कचरा बिखरा देखा। कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों द्वारा भ्रमण कर पहले से पड़े कचरे के ढेरों को चिन्हित कर सफाई कराई गई। शासकीय अमले के साथ मिलकर ग्रामीणों ने बही बढ़चढक़र हिस्सा लिया गांवो को स्वच्छ बनाने के लिए घरों से निकलकर गलियों और रोड साइड की सफाई शुरू कराई।

### कचरे का बंटवारा भी बारीकी से जांचा

सीईओ जैन ने 20 टन कचरा उज्जैन रोड व मांगलिया क्षेत्र से साफ कराया गया। कचरे की छटाई प्रक्रिया अनुसार कार्य नहीं करने से काम कर रहे एनजीओ को चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह में सुधार कर मानक प्रक्रिया अनुसार कार्य नहीं किया तो संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खुड़ैल खुर्द में पाया गया कि ग्राम पंचायत में कचरा गाड़ी बंद है। इस हेतु पंचायत सचिव को कार्य मे रुचि नही लेने से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत काजी पलासिया क्षेत्र में कचरे के ढेर पाए गए। ग्राम पंचायत खुड़ैल खुर्द में रहवासियों ने अवगत कराया कि फैक्ट्री का दूषित पानी नदी में डाल रहे हैं। इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दंडात्मक कार्रवाई करने एवं इसकी रोकथाम के निर्देश दिए गए।

**एक माह चलेगा अभियान**

सीईओ जैन ने बताया कि आज से चिन्हित 32 पंचायतो में स्वछता को लेकर काम किया जाएगा, जो कि लगातार एक माह तक जारी रहेगी। 21 जिलास्तरीय अधिकारियों एवं 30 खंडस्तरीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त किया गया है। आगामी एक माह में इन ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की स्थायी व्यवस्था निर्मित कर स्वछता को स्थायी बनाया जाएगा। भ्रमण में परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत इंदौर अशोक मालवीय पीसीओ एवं पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सीईओ जिला पंचायत द्वारा शहरी सीमा एवं हाइवे स्थित पंचायतो में गंदगी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुऐ ऐसी 32 पंचायतो के सचिव, सरपंच एवं अन्य अधिकरियों की बैठक आयोजित कर सख्त निर्देश दिए थे।

## अमानक पॉलिथीन के खिलाफ देपालपुर नगर परिषद की कार्रवाई

### स्वच्छता के लिए नगर परिषद का बड़ा कदम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** • नगर परिषद देपालपुर द्वारा पॉलीथिन जप्ति की कार्यवाही करते हुए एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान इंदौर नगर निगम एवं नगर परिषद देपालपुर की संयुक्त टीम द्वारा इंदौर के स्वच्छता मॉडल को अपनाने और देपालपुर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर लगभग 4 किलोग्राम पॉलीथिन जप्त की गई तथा 500 रुपये के चालान काटे गए। यह कार्यवाही पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।इस



अभियान में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सक्रिय सहयोग दिया और नगर परिषद की इस पहल की सराहना की। अभियान के दौरान टीम ने लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया। अभियान में सम्मिलित अधिकारीगण एवं टीम सदस्य: मुख्य नगर पालिका अधिकारी बहादुर सिंह रघुवंशी, स्वछता उप निरीक्षक शैलेश,के कुरादिया सफाई दरोगा देवीलाल खत्री,योगेश सोलंकी, गौरव वर्मा, उमेश परमार, कुणाल सोलंकी, राजेश यादव, सचिन चौधरी, विनोद सांडे इंदौर नगर निगम से कैलाश पचरंगीया सहित अन्य टीम सदस्य। नगर परिषद देपालपुर ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने हेतु ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## माहेश्वरी कॉलेज अध्यक्ष द्वारा प्रबंधन को बंधक बनाए जाने के आरोपों का स्टॉफ ने किया खंडन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • माहेश्वरी कॉलेज स्टॉफ ने माहेश्वरी ट्रस्ट व माहेश्वरी कॉलेज अध्यक्ष द्वारा लगाए गए 'प्रबंधन को बंधक बनाए जाने' के आरोपों का पूर्ण खंडन करते हुए थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा है। स्टॉफ का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन ने मीटिंग में स्वयं मिलने बुलाया था तथा मामला सितंबर माह के वेतन एवं नियमित वेतन वृद्धि से जुड़ा था, 'बन्धक स्टॉफ था न कि प्रबंधन' और झूठा आरोप लगाकर स्टॉफ एवं महाविद्यालय की छवि धूमिल कर कॉलेज बंद कराने और समाज में झूठा भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि स्टाफ विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु निरंतर कार्यरत है। आर.पी.एल. माहेश्वरी कॉलेज में

### थाना प्रभारी को दिया आवेदन

आज विद्यार्थियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी, अव्यवस्थित प्रबंधन के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन केवल झूठे आश्वासन देकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है, तथा प्रबंधन सचिव डॉ.वीणा सोनी द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

छात्रों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रबंधन में कुछ ऐसे लोग शामिल हैं जिनके हित अन्य शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े हैं, जिससे माहेश्वरी कॉलेज की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। समाज के सदस्यों का आरोप है कि माहेश्वरी कॉलेज को बंद करने के लिए जानबूझकर षड्यंत्र रचे जा रहे हैं, जिससे संबंधित अन्य संस्थानों एवं पदाधिकारियों को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा सके।

माहेश्वरी समाज के कॉलेज में समाज के जिलास्तरीय पदाधिकारियों को सम्मिलित किया जाए ताकि महाविद्यालय के संचालन में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका हो परन्तु उन्हें निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा गया है, साथ ही माहेश्वरी समाज के वर्तमान अध्यक्ष, जो कि पूर्व में कॉलेज शिक्षण समिति के सचिव रह चुके हैं, से भी इस्तीफा ले लिया गया है जिससे महाविद्यालय संचालन की पारदर्शिता एवं लिए जा रहे निर्णयों पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

## अगर नपती गलत हुई है तो उसे फिर से कराएंगे लेकिन किसी का नुकसान नहीं होने देंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगर निगम द्वारा लक्ष्मी मेमोरियल से लेकर अटल द्वार तक की सडक़ को चौड़ी करने को लेकर दो दिन पहले नेहरू नगर की सडक़ों पर बने मकान, दुकानों पर नपती कर निशान लगाने की कार्रवाई की थी। निशान लगान से रहवासी भडक़ गए और उनका कहना था कि गलत नपती और निशान लगाए गए हैं। आज इस मुद्दे को लेकर वे क्षेत्रीय पार्षद, विधायक के साथ बड़ी संख्या में महापौर के पास पहुंचे और अपना पक्ष रखा। महापौर ने कहा कि गलती नपती हुई तो फिर नपती कराई जाएगी और किसी का नुकसान नहीं होने देंगे।

पिछले कई महीनों से लक्ष्मी मेमोरियल से नेहरू नगर होते हुए अटल द्वार तक मास्टर प्लान के तहत सडक़ बनाई जाना है। पहले वहां नपती और निशान लगाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन दोबारा फिर निगम की टीम क्षेत्र में नपती और निशान लगाने पहुंची तो कई मकानों पर लगाए गए निशान को लेकर रहवासी भडक़ गए। कई रहवासी बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पार्षद के साथ-साथ विधायक महेंद्र हार्डिया को भी मामला बताने पहुंचे थे। दो दिनों से यह मामला सुर्खियों में है और आज सुबह फिर से बड़ी संख्या में नेहरू नगर के महिला-पुरुष जमा होकर महापौर बंगले पर पहुंचे, वहां विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद लालबहादुर वर्मा, पूर्व पार्षद चंदू शिंदे सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंच गए थे। रहवासियों के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बातचीत की और काफी देर तक चर्चा का दौर चलता रहा।

**बैंकों का लोन है, मगर टूटे तो हम सडक़ पर आ जाएंगे**-कई रहवासी महापौर भार्गव को पीड़ा बताते हुए भावुक भी हो गए थे और कुछ गुस्से में भी थे। रहवासियों का कहना था कि उनमें से कई लोगों ने बैंकों से लोन लेकर जैसे-तैसे मकान बनाए हैं और अभी उनकी किस्तें ही चल रही हैं। अगर निगम ऐसे में मकान तोड़ देगा तो वे सडक़ों पर आ जाएंगे। महापौर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी का भी नुकसान नहीं होने देंगे।

## इंदौर में बसों की जांच की विशेष मुहिम जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में यात्री, स्कूली एवं अन्य बसों की जाँच के लिये विशेष मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम के तहत बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। जाँच के दौरान अनियमितताएं पाये जाने पर 11 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसमें से एक बस को जप्त किया गया और 10 वाहनों से जुर्माना वसूल किया गया। इंदौर आरटीओ ने रेडिसन चौराहा और लवकुश चौराहा पर लोक परिवहन वाहनों, खासकर इण्टरसिटी, इंटरस्टेट बसों की सघन चेकिंग की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। 01 बस जो की बिना परमिट संचालित पाई गई, जिसे जब्त कर जुर्माना वसूला गया। साथ ही 10 से अधिक अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 80 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बसों के चालक-परिचालक को भी समझाइस दी गई की वह बसों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन नहीं करें। जिस प्रकार हवाई जहाज में यात्रियों को आपातकाल स्थिति में 'क्या करें और क्या नहीं करें' की जानकारी दी जाती है।

## कटारिया ज्वेलर्स के शोरूम का कल्पतरु ग्रैंड्योर में शानदार स्वागत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कटारिया ज्वेलर्स, जो भारत के सबसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक है, गर्वपूर्वक अपने भव्य नए फ्लैगशिप शो-रूम के उद्घाटन की घोषणा करता है, जो इंदौर के कल्पतरु ग्रांडेयोर में स्थित है। यह नया शो-रूम शाश्वत कलाकारी, आधुनिक उत्कृष्टता और ब्रांड की निरंतर उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव है, जो मध्य प्रदेश के समझदार ग्राहकों के लिए लग्ज़री रिटेल के अनुभव को एक नए आयाम पर ले जाता है। 6,000 वर्ग फुट में फैला और विश्वास, नवाचार तथा अतुलनीय कारीगरी की गौरवशाली विरासत पर आधारित, कटारिया ज्वेलर्स का इंदौर स्थित नया शो-रूम परंपरा और आधुनिकता के सुंदर संगम का प्रतीक है। यह विशाल शो-रूम सोने, हीरे, रत्न और चांदी के आभूषणों के असाधारण संग्रह को प्रदर्शित करता है- प्रत्येक आभूषण ब्रांड की गहरी जड़ें जमाई विरासत को दर्शाते हुए आधुनिक और बदलते फैशन के अनुरूप आकर्षक ढंग से डिजाइन किया गया है।

## चूहे चला रहे हैं शहर, भाजपा सिर्फ़ तमाशा देख रही है-कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जो कभी स्वच्छता में देश का नंबर वन कहलाता था, आज 'चूहों का शहर' बनता जा रहा है। रीगल ब्रिज के गड्ढे का दोष निगम ने चूहों पर डाल दिया, एम.वाय. अस्पताल में दो मासूम बच्चों की मौत चूहे के काटने से हो गई, और अब एयरपोर्ट पर यात्रियों को चूहे काट रहे हैं — और भाजपा प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल और वरिष्ठ नेता गिरीश जोशी ने भाजपा निगम परिषद और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा 'भाजपा की नाकामी अब इतनी बड़ी हो गई है कि शहर की हर गड़बड़ी का ठीकरा चूहों पर फोड़ा जा रहा है। शायद अब मुख्यमंत्री निवास में फाइलें भी चूहे ही निपटा रहे होंगे! ' नेताओं ने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिस शहर को स्वच्छता का मॉडल बताया जाता था, वहाँ अब गड्ढे भी चूहे बना रहे हैं, अस्पताल में मौतें भी चूहे कर रहे हैं, और एयरपोर्ट की सुरक्षा भी चूहों के भरोसे है। 'भाजपा शासन में चूहे 'स्वच्छ भारत मिशन' के ब्रांड एंबेसडर बन चुके हैं- हर असफलता का नया बहाना, हर लापरवाही का नया चेहरा।'

खंडेलवाल ने कहा- 'लगता है भाजपा ने अब प्रशासन नहीं, चूहों की सरकार चला रखी है। जनता सड़क पर परेशान है, अस्पताल में बच्चे मर रहे हैं, एयरपोर्ट असुरक्षित है — भाजपा सिर्फ़ 'काटने' और 'खाने' की राजनीति कर रही है।'

विवेक खंडेलवाल गिरीश जोशी ने जोड़ा, 'जहाँ जनता जवाब माँग रही है, वहाँ भाजपा चूहे दिखा रही है। असली सवाल यह है कि शहर में प्रशासन चल रहा है या चूहों की सरकार? '

## सांवेर को मिली 25 आंगनवाड़ियों की सौगात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिले में आज बच्चों और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की विशेष उपस्थिति में आज लगभग तीन करोड़ रुपये लागत की 25 आँगनवाड़ी भवनों के निर्माण की शुरूआत की गई। मंत्रीद्वय सिलावट और भूरिया ने सांवेर में आयोजित विशाल महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में इन आँगनवाड़ी भवनों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्रीद्वय ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनेक बच्चों और महिलाओं को हितलाभ प्रमाणपत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जनपद अध्यक्ष सांवेर श्रीमती रामकन्या बाई, इंदौर जनपद अध्यक्ष कान्हा पटेल, सांवेर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेडिया, भगवान परमार, भारत सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हो रही हैं।

**स्वास्थ्य** | **आईसीयू से प्राइवेट रूम में होंगे शिफ्ट**

# कांग्रेस नेता पिंटू जोशी अब बेहतर, किन्तु लोगों से मिलने पर लगी रोक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात डबल हार्ट अटैक के चलते अस्पताल में भर्ती हुए कांग्रेस नेता दीपक (पिंटू) जोशी अब स्वस्थ हैं। अब वह खतरे से बाहर हैं। लगातार मॉनीटरिंग के बाद स्थिति सामान्य होने पर अब उन्हें आईसीयू से प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को डॉक्टर एक बार और चेक करके उन्हें आईसीयू से प्राइवेट रूम में शिफ्ट करेंगे। पत्नी से की बात- पिंटू अब होश में आ गए हैं। हल्का खाना भी शुरू कर दिया है। उनकी पत्नी उनके साथ हैं। वहीं बाहर अस्पताल में पूर्व विधायक और चचेरे भाई अश्विन जोशी और पिंटू के करीबी अखिलेश जैन गोपी मिलने आने वालों से बात कर रहे हैं। बता दें कि अंदर पिंटू से मुलाकात पर रोक है। डॉक्टरों ने सतर्कता के चलते मिलने-जुलने पर रोक लगा रखी है। उधर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस जीतू



पटवारी, मंत्री तुलसी सिलावट, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित कई नेता उनका हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंच चुके हैं।

**उस दिन रात को सीपीआर देकर बचाई जान**-इंदौर कांग्रेस नेता पिंटू जोशी रात को अपने एक मित्र दिनेश दवे के जन्मदिन के कार्यक्रम में गए थे। फिर वह घर आए तो उन्हें रात साढ़े 12:30-1 बजे चेस्ट पेन हुआ। उन्हें थोड़ा असहज लगने लगा तो तत्काल डॉक्टर उल्लास महाजन और डॉ. अजय पारिख को फोन किया। उन्होंने डॉक्टर से कहा कि उन्हें ठीक नहीं लग रहा है और वह अस्पताल पहुंच रहे हैं।

रात करीब दो बजे वह परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच गए। यहां आपात ड्यूटी डॉक्टर उन्हें चेक ही कर रहे थे कि उन्हें एक के बाद एक दो बार अटैक आ गया। साथ ही, हार्ट बीट बंद हो गई। पिंटू के चचेरे भाई और पूर्व विधायक अश्विन जोशी ने बताया कि हार्ट ने काम करना बंद कर दिया था। इस पर तत्काल डॉक्टरों ने उन्हें सीपीआर दिया और इलेक्ट्रिक झटके दिए, और फिर हार्ट ने काम करना शुरू किया। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें वेंटीलेटर पर शिफ्ट किया।

## रोजगार मेले में 158 लोगों को मिला रोजगार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा जिला उद्योग केंद्र परिसर पोलोग्राउंड इंदौर में सोमवार को एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में कुल 16 कंपनियों के 400 से अधिक विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर रोजगार और अप्रेंटिसशिप हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 225 युवक एवं 44 युवतियों, कुल 269 ने पंजीयन कराया। जिसमें 16 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 31 युवतियों और 127 युवकों, कुल 158 का चयन किया गया। युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से फार्माशिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा. टर्नर, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 04 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

### बिजली कार्मिकों के फ्रिंज बेनीफिट पुनरीक्षित होने पर फेडरेशन आभार-पाठक

**इंदौर** • मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, माननीय ऊर्जा मंत्री और ऊर्जा सचिव को पत्र प्रेषित कर और व्यक्तिगत मिलकर भी 20 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित सभी (भत्तों) फ्रिंज बेनीफिट को पुनरीक्षित करने का अनुरोध किया था। जिसे आज माननीय जनों द्वारा कर दिया गया है। जिसकी घोषणा आज राज्य के लोकप्रिय ऊर्जा मंत्री माननीय प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा की गई है। सभी फ्रिंज बेनीफिट पुनरीक्षित होने से इसका लाभ सभी बिजली कंपनियों के सभी श्रेणियों के कार्मिकों को मिलेगा। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के भत्तों के पुनरीक्षण करने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सीजीएम पावर मैनेजमेंट कंपनी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### अन्नकूट में 100 वर्ष पुराने कडाव में बनेगी रामभाजी

**इंदौर** • एयरपोर्ट रोड, पीलिया खाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर परंपरागत अन्नकूट महोत्सव का आयोजन वैकुंठ चतुर्दशी मंगलवार को होगा। मठ के महामंडलेश्वर महंत रामचरण दास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में सोमवार को सुबह अखंड रामायण पाठ एवं अभिषेक के साथ इस दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को मठ स्थित भगवान पद्मनाभ, रणछोड़जी, टीकमजी एवं पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी का श्रृंगार कर उन्हें शाम छप्पन भोग समर्पित कर महाआरती होगी। भजन संध्या से शुरू होगी। मठ के पं. अमितदास ने बताया कि शहर का सबसे बड़ा कडाव हंसदास मठ के पास है और जिस कडाव में अन्नकूट महोत्सव के लिए रामभाजी बनाई जाएगी।

# शिवराज की सिफारिश : सीएम की हामी; पर विदिशा निगम नहीं बनेगा

**भोपाल (एजेंसी)** • विदिशा में 30 अक्टूबर को आयोजित खेल महोत्सव का मंच। केंद्रीय कृषि मंत्री और विदिशा के सांसद शिवराज सिंह चौहान ने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की एक लंबी सूची मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखी। इस सूची में सबसे प्रमुख मांग थी- विदिशा को नगर निगम का दर्जा देना। मुख्यमंत्री ने भी बिना देर किए मंच से ऐलान करते हुए कहा-मैं शिवराज जी की बात मान लेता हूं। विदिशा में अगला चुनाव नगर पालिका का नहीं, बल्कि नगर निगम का होगा। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, इसी साल 15 जनवरी को भी सीएम मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान की मांग पर यही घोषणा कर चुके हैं। यहां सवाल ये है कि क्या ये घोषणा हकीकत में बदलेगी? नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के सूत्रों का कहना है कि 2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव तक ये संभव नहीं है। न केवल विदिशा बल्कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव वाली गुना और शिवपुरी नगर पालिका भी नगर निगम नहीं बन सकेगी। मंडे स्टोरी में पढ़िए आखिर इस घोषणा के जमीन पर उतरने में सबसे बड़ी अड़चन क्या है? यह



वादा शिवराज सिंह चौहान के उस वादे की अगली कड़ी है, जो उन्होंने 14 नवंबर 2023 को शमशाबाद में एक चुनावी सभा में किया था। तब वे मुख्यमंत्री थे। भाजपा 163 सीटें जीतकर सत्ता में तो लौटी, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा बदल गया। अब शिवराज के वादे को पूरा करने का जिम्मा मोहन यादव के कंधों पर है।

खेल महोत्सव के कार्यक्रम में शिवराज ने मोहन यादव को विदिशा के विकास कार्यों की एक सूची सौंपी थी, जिसमें स्टेडियम निर्माण से लेकर विदिशा को नगर निगम बनाने जैसे महत्वपूर्ण काम शामिल थे। इस पर मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि सारे वादे पूरे होंगे।

#### क्या होती है नगर निगम बनने की प्रक्रिया

- किसी नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देने की एक लंबी और जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसमें कई चरण होते हैं।
- मुख्यमंत्री की घोषणा और प्रस्ताव की शुरुआत : प्रक्रिया की शुरुआत मुख्यमंत्री की घोषणा से होती है। इसके आधार पर जिले का कलेक्टर एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजता है।
- नगर निगम के लिए सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण मापदंड 3 लाख की आबादी का है। यदि नगर पालिका की वर्तमान आबादी इससे कम है, तो क्षेत्र का विस्तार करना जरूरी हो जाता है।
- आबादी पूरी करने के लिए शहरी सीमा से लगी ग्राम पंचायतों को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया जाता है। ग्राम पंचायतों की सहमति : यह सबसे महत्वपूर्ण और अक्सर सबसे कठिन चरण होता है।

## श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ मप्र स्थापना दिवस का उत्सव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • श्री वैष्णव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला में इस सप्ताह मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के मध्य पारदर्शी संवाद और कलात्मक रचनात्मकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की रुचि एवं प्रतिभा का मूल्यांकन करते हुए उन्हें गायन, वादन और नृत्य जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में दायित्व सौंपे, जिससे विद्यार्थियों को अपनी पसंदीदा विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापिका डॉ. वंदना मिश्रा ने प्रेरक संबोधन देते हुए मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक परंपराओं एवं विविधतापूर्ण वैभव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध कला, स्थापत्य और लोक संस्कृति भारत की पहचान को सशक्त बनाती है। वहीं डॉ. अंजू अग्रवाल ने विद्यार्थियों के साथ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आधारित गीत प्रस्तुत किया तथा सुर-ताल की सूक्ष्मताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कृतियों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना अर्जित की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और शिक्षकों द्वारा दी गई विषयगत बारीकियों को गंभीरता से सीखते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक डॉ. भाटिया ने महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण हेतु महत्वपूर्ण बताया।

## बिजली कार्मिकों की एथलेटिक प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रचनात्मक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में खंडवा रोड इंदौर स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में एथलेटिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सोमवार सुबह मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव संजय मालवीय की मौजूदगी में सोल्लास हुआ। एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं में कंपनी क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन क्षेत्र के विभिन्न जिलों के कुल 65 खिलाड़ी 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, तवा फैंक, लांग जंप, गोला फैंक इत्यादि में भाग ले रहे है। विजेताओं की घोषणा मंगलवार शाम को की जाएगी।



## मुकुंद ऑल इंडिया सीए टॉपर, फाइनल एग्जाम में 600 में से 500 अंक मिले

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • धार जिले के धामनोद निवासी युवक मुकुंद आगीवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की अखिल भारतीय फाइनल परीक्षा में AIR (ऑल इंडिया रैंक) -1 हासिल की। मुकुंद यह उपलब्धि हासिल करने वाले धार जिले के पहले युवा बने हैं। उनकी इस सफलता से परिवार और नगर में खुशी की लहर है। इससे पहले मुकुंद ने सीए प्रवेश परीक्षा में AIR 24वीं रैंक हासिल की थी। उनके पिता पवन आगीवाल धामनोद में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं, जबकि माता ज्योति आगीवाल गृहिणी हैं। बेटे की इस सफलता को देखकर माता-पिता और दादा-दादी की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। पूरे नगर में मुकुंद को बधाइयों का तांता लग गया। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सितंबर 2025 में हुई सीए फाइनल, इंटर और फाउंडेशन 2025 परीक्षाओं के नतीजे 3 अक्टूबर को घोषित कर दिए हैं। आईसीएआई की ओर से सीए फाइनल, इंटर और फाउंडेशन में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट भी जारी की गई है। 3 सितंबर से 14 सितंबर 2025 तक एग्जाम



हुए थे। दोनों ग्रुप में 20 हजार स्टूडेंट शामिल हुए थे। इसका रिजल्ट 15 प्रतिशत रहा, जबकि ग्रुप 1 में 50 हजार और ग्रुप 2 में 30 हजार स्टूडेंट शामिल हुए थे।

#### बचपन से था सीए बनने का सपना

मुकुंद ने बताया कि बचपन से ही सीए बनने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि 2021 में 12वीं की परीक्षा के बाद से ही उन्होंने ऑनलाइन तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने अपनी आर्टिकलशिप पुणे से की और सीए इंटर की तैयारी इंदौर में निजी कोचिंग से की, जिसमें उन्होंने ऑल इंडिया 24वीं रैंक हासिल की थी।

## खंडवा रोड़ पर झोला छाप डाक्टरों की भरमार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के खंडवा रोड क्षेत्र की कई कॉलोनियों में झोलाछाप डॉक्टरों भरमार है जो लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं विशेष रूप से गणेश नगर और उसके आसपास की कई कॉलोनियों में झोलाछाप डॉक्टरों ने क्लिनिक खोल रखे हैं सुनील जैन ने बताया की इन के पास फर्जी डिग्रियां है फिर भी ये सभी डाक्टर मरीजों से मोटी कमाई कर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे है ये कहते हैं की हम पर स्वास्थ विभाग के अधिकारियों वरदहस्त और हम नियमित रूप से उनका हिस्सा उनको पहुंचा देते है साथ ही हमारी पहुंच ऊपर तक है इसलिए हमारा कोई भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता।

उल्लेखनीय हैं अभी कुछ दिनों पूर्व ही इंदौर के खातीवाला टैंक में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज की वजह से एक महिला की मौत हो गई थी इसी तरह की घटनाएंआए दिन सुनने को मिलती रहती हैं अभी कुछ दिनों पूर्व ही कफ सिरप की वजह से कई बच्चों की मौत के बाद भी प्रशासन सचेत नहीं हुआ है । क्षेत्र जागरूक नागरिकों मे इन झोला छाप डाक्टरों को लेकर भय का माहौल है ये रहवासी जल्द ही इन सभी डॉक्टरों की सूची बनाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से उनके इंदौर आगमन पर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील जैन के साथ मुलाकात कर इन पर तत्काल प्रभाव से कारवाई की मांग करेंगे।

## बिहार चुनाव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से की मुलाकात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बिहार चुनाव में सियासत गर्म है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोक-सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका-गांधी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत मतदाताओं के बीच धुंआधार प्रचार कर रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश के हृदय स्थल एवं सांस्कृतिक राजधानी इन्दौर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, अमन बजाज, सोहराब पटेल को भी बिहार चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, बिहार की जुमई विधानसभा में वानखेड़े कांग्रेस प्रत्याशी के लिए जहां घर-घर जाकर सेंकड़ों कांग्रेसजनों के साथ प्रचार कर रहे हैं, वहीं चुनावी सभाओं में भी जोरदार भाषणों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के चुनावी जुमलों का करारा जवाब दे रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बिहार में चुनावी प्रचार के दौरान तपती सियासत के दरमियान अल्फाज़ के शायर, जो दर्द को भी आवाज देते हैं, और जज्बातों को इंकलाब बना देते हैं, ऐसे विश्वविख्यात शायर राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात कर कांग्रेस की जमीनी सच्चाई, अवाम की तन्हाई जो हर लफ्ज़ को मिशन बना दे।

## मध्य भारत का ग्लोबल टेक-एजुकेशन हब बनने के लिए तैयार बोस्टन इंस्टीट्यूट ऑफ एनालिटिक्स हुआ शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अमेरिका बोस्टन इंस्टीट्यूट ऑफ एनालिटिक्स (बीआईए) ने नया कैंपस इंदौर में लॉन्च किया। इंस्टिट्यूट का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी ने किया। संस्थान का संचालन सुश्री. वर्षा किंगरानी और मि. गिरीश बुधानो कर रहे हैं, जिनका विजन है इंदौर के छात्रों को वैश्विक स्तर की तकनीक-शिक्षा यहीं उपलबध कराना। बीआईए के पाठ्यचर्या का डिजाइन और निष्पादन बोस्टन (यूएसए) कार्यालय से होता है, जहां के प्रशिक्षक काम करने वाले पेशेवर हैं - जो अपना वास्तविक-उद्योग अनुभव कक्षा तक लाते हैं। ये पाठ्यक्रम डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और नए डिजिटल डोमेन पर आधारित हैं। सरकार भी टेक ग्रोथ को बढ़ावा देने के




लिए बड़े कदम उठा रही है -डिजिटल इंडिया मिशन** के लिए और एआई और सेमीकंडक्टर डेवलपमेंट** के लिए 2025-26 के बजट में **26,026 करोड़** आवंटित किए गए हैं। ये फंडिंग नए स्टार्ट-अप, कौशल कार्यक्रम और इनोवेशन सेंटर के लिए एक मजबूत आधार बन रही है।

**समर्पण....** देपालपुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जान फुक दी राधेश्याम पटेल ने

## देपालपुर विधानसभा में पटेल दे रहे घर-घर दस्तक

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामेश्वर पटेल के परिवार का दबदबा हमेशा देपालपुर में रहा है। जब-जब कांग्रेस को पटेल परिवार की जरूरत पड़ी सदैव पार्टी के लिए समर्पित नजर आए और हमेशा पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया वर्तमान परिस्थिति में स्वर्गीय रामेश्वर पटेल के बड़े बेटे राधेश्याम पटेल कांग्रेस के लिए किला लड़ा रहे साथ ही अभी-अभी वह कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने हैं। देपालपुर क्षेत्र में कलोता समाज का बहुमूल्य वोट बैंक है। देपालपुर विधानसभा में कलोता समाज के समाजजन ही हार जीत तय करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि राधेश्याम पटेल को देपालपुर में ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि इनके पिता और भाई देपालपुर से विधायक रह चुके हैं। इनके पास युवाओं की लंबी फौज और कांग्रेस कार्यकर्ता की टीम है। पटेल क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं पटेल छोटे-मोटे कार्यक्रम में लगातार पहुंच रहे हैं। समाज जन के बीच रहते हैं आम जनता की



समस्या को सुनते हैं। तत्काल समाधान करने का प्रयास भी करते हैं। देपालपुर क्षेत्र में अलग-अलग जगह पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं की टीम लगा रखी है पटेल लगातार देपालपुर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। घर-घर दस्तक दे रहे हैं पटेल को लेकर आम जनता में उत्साह है नई उम्मीद है इस बार पटेल आएंगे तो देपालपुर क्षेत्र में अलग नजारे देखने को मिलेंगे आम जनता को पटेल से बहुत उम्मीद है। जिसको लेकर पटेल भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे है।

जीतू पटवारी भी पटेल को मनाने उनके निवास पर पहुंचे थे। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद देपालपुर में कांग्रेस को बड़े विरोध का सामना करना पड़ा था। जिसकी आवाज दिल्ली तक पहुंची थी लेकिन जीतू पटवारी ने उनके निवास पहुंचकर सारे गिले शिकवे दूर किए थे। साथ ही कहा था कि पटेल साहब देपालपुर आपको ही देखना है।आपके अलावा कौन है जो देपालपुर में कांग्रेस के लिए संघर्ष करेगा पटेल साहब आपको ही देपालपुर संभालना है नाराजगी दूर करिए हम सब साथ मिलकर काम करेंगे तभी से पटेल क्षेत्र में लगातार सक्रिय हो गए कांग्रेस के पास पटेल के अलावा कोई विकल्प भी देपालपुर में नहीं है। सबसे मजबूत और कांग्रेस के सबसे भरोसे बंद नेता हैं राधेश्याम पटेल जिसका मुख्य कारण है वर्षों से इनका परिवार देपालपुर में राजनीतिक करता आ रहा है वर्तमान में पटेल के छोटे भाई सत्यनारायण पटेल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव है।

## महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर दो दिनी अन्नकूट एवं चातुर्मास समापन महोत्सव का शुभारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादुनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान में मालवा, निमाड़ एवं मेवाड़ के तपोनिष्ठ संत ब्रह्मलीन सद्गुरु लादुनाथ महाराज की प्रेरणा से दो दिवसीय 26वां चातुर्मास समापन उत्सव एवं अन्नकूट महोत्सव आज सुबह अखंड रामायण पाठ के साथ महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व चातुर्मास के दौरान चल रहे महामृत्युंजय पाठ की भी पूर्णाहुति हुई। मुख्य महोत्सव मंगलवार को शाम 5 बजे से 56 भोग समर्पण, महाआरती के पश्चात महाप्रसादी वितरण के साथ प्रारंभ होगा। अखंड रामायण पाठ में महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दामोदर सुईवाल, सियोटा एवं सत्यनारायण जाट ने अखंड रामायणपाठ में भाग लिया। इन्हें मंगलवार को होने वाले महोत्सव की विभिन्न समितियों का जिम्मा सौंपा गया है। आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पुजारी योगेश एवं सचिन सुईवाल ने बताया कि मंगलवार 4 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी पर सुबह 9 बजे हवन-पूजन के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन तथा शाम 5 बजे से 56 भोग समर्पण एवं महाआरती के बाद महाप्रसादी का क्रम शुरू हो जाएगा।

## सम्पादकीय

### सहयोग के मोर्चे! भारत-अमेरिका रक्षा समझौता कई मायनों में महत्वपूर्ण

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए रक्षा समझौते को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था। मगर, रिश्तों में जमी मतभेदों की यह बर्फ अब पिघलती नजर आ रही है। पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान कि वे भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाले हैं और फिर रक्षा सहयोग पर सहमति इस बात का संकेत है कि द्विपक्षीय संबंध फिर से पटरी पर लौट रहे हैं। यह कदम तमाम विरोधाभासों के बावजूद दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य को भी दर्शाता है। अमेरिका ने भले ही दुनिया को दिखाने के लिए शुल्क नीति के जरिए भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की हो, लेकिन वह बहुध्रुवीय होती वैश्विक व्यवस्था में भारत की भूमिका और प्रासंगिकता को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। प्रस्तावित व्यापार समझौता हो या रक्षा सहयोग, जाहिर है इनमें दोनों देशों के हित निहित हैं। मसला सिर्फ इस बात का है कि हर पहलू पर द्विपक्षीय नजरिए का परस्पर सम्मान किया जाना चाहिए, तभी संबंधों पर प्रगाढ़ता का रंग चढ़ता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के उनके समकक्ष पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कुआलालंपुर में व्यापक वार्ता के बाद 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह करार अगले दस वर्षों के लिए है और इससे भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के सभी आयामों को नीतिगत दिशा मिलने की उम्मीद है। इससे नई उच्च तकनीक तक भारत की पहुंच बढ़ेगी और दोनों देशों की सेना के बीच समन्वय की क्षमता में इजाफे के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के नए अवसर उपलब्ध होंगे। निश्चित रूप से यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल का संकेत है और इस कदम से रक्षा साझेदारी के एक नए अध्याय का सूत्रपात होगा, जो मुक्त, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का दबदबा रहा है और वहां शक्ति संतुलन को लेकर भारत-अमेरिका के साथ कई देश मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें दोराय नहीं कि भारत और अमेरिका हाल के वर्षों में अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम करते रहे हैं।

# सीनियर सिटीजन ही क्यों डिजिटल अरेस्ट के निशाने पर होते है!

पुणे के एक 83 वर्षीय बुजुर्ग की मौत डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनने के लगभग एक महीने बाद हो गई। साइबर पुलिस के अनुसार, पीड़ित रिटायर्ड सरकारी अधिकारी थे, जिनसे धोखेबाजों ने झांसा देकर 1।2 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। यह घटना तब सामने आई जब उनकी पत्नी ने पति की मौत के एक सप्ताह बाद शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में बुजुर्ग को एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया। उसने कहा कि बुजुर्ग का नाम एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में सामने आया है। जब पीड़ित ने आरोप से इनकार किया, तो उन्हें वीडियो कॉल पर दो अन्य व्यक्तियों ने धमकाया। एक ने खुद को आईपीएस अधिकारी विजय खन्ना बताया, जबकि दूसरे ने कहा कि वह सीबीआई के अधिकारी दया नायक हैं। दोनों ने दंपति को चेतावनी दी कि यदि वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद उन्हें घंटों वीडियो कॉल पर रखा गया और बताया गया कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया गया है। बैंक खातों की जांच के नाम पर धोखेबाजों ने उन्हें 16 अगस्त से 17 सितंबर के बीच अलग-अलग खातों में कुल 1। 19 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। कहा गया कि जांच पूरी होने के बाद पैसा लौटा दिया जाएगा। साइबर पुलिस के मुताबिक, घटना का पता चलने पर अधिकारियों ने दंपति को एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने कहा कि वे बेटी के विदेश से लौटने के बाद ऐसा करेंगे। दुर्भाग्यवश, कुछ दिनों बाद बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मौत और ठगी के बीच सीधा संबंध नहीं बताया जा सकता, लेकिन मामले में साइबर ठगों के खिलाफ जांच जारी है।

गौरतलब है कि 'डिजिटल अरेस्ट' नाम के एक बड़े रैकेट में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है । 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले ने पहले ही देश में भय का माहौल पैदा कर रखा है। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच राज्य में ऐसे 218 मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि इन अपराधों में करीब 112 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने निष्कर्ष निकाला है कि आरोपी 55 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को निशाना बना रहे हैं और जिन्हें डिजिटल दुनिया के बारे में बहुत कम जानकारी है। 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले का तरीका बहुत ही सरल है: साइबर अपराधी लोगों के मन में डर पैदा करते हैं, खुद को पुलिस अधिकारी बताते हैं और पीड़ितों को फर्जी आधार कार्ड भेजते हैं, वे कहते हैं कि पीड़ित के बैंक खातों से करोड़ों नशे का लेन-देन हुआ है, यहां तक कि वे पीड़ितों को विश्वास दिलाने के लिए फर्जी कोर्ट के आदेश भी भेजते हैं। कई जगहों पर घटनाएं हुई हैं और धोखाधड़ी की संख्या करोड़ों में है। कई लोगों का मानना है कि घर में आरोपियों की आवाजाही पर पुलिस की नजर रखने जैसी डिजिटल गिरफ्तारी होनी चाहिए, लेकिन वास्तव में यह एक मनगढ़ंत बात है। कानून के तहत डिजिटल गिरफ्तारी की अनुमति नहीं है, पुलिस या कोई भी सुरक्षा एजेंसी इस तरह से किसी को गिरफ्तार नहीं करती है। वे हैं। इसलिए साइबर अपराधी रिटायर्ड अफसरों और कर्मचारियों या पुराने कारोबारियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' की चाल का इस्तेमाल करते हैं। वरिष्ठ नागरिक अक्सर प्रौद्योगिकी या कानूनी प्रावधानों के बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक नहीं होते हैं। इससे उन्हें धोखा देना आसान हो जाता है।



इसी तरह, साइबर अपराधी कई लोगों को लूटने के लिए अभिनव हथकंडे अपनाते हैं और ऐसा करने के लिए वे 'डिजिटल अरेस्ट' नामक रणनीति का उपयोग करते हैं। अपराधियों के ये गिरोह पुलिस, ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, सेना के अधिकारी, राष्ट्र विरोधी गतिविधियां, अवैध सामान, जिसमें पीड़ित को वीडियो कॉल पर 24 घंटे अपने घर में बंद रहने के लिए कहा जाता है। साइबर अपराधी वीडियो कॉल पर किसी पुलिस स्टेशन या सीबीआई जैसी एजेंसी से बात करने का दिखावा करते हैं। साइबर अपराधी फिरौती मांगते हैं और पैसे नहीं देने पर उन्हें वास्तविक गिरफ्तारी की धमकी देते हैं, इसलिए कई लोग साइबर अपराधियों के नए हेरफेर का शिकार हो जाते हैं और उनके गले में लाखों-करोड़ों रुपये डाल देते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के अंबाला में फर्जी कोर्ट के आदेशों के जरिए नागरिकों की डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों को गंभीरता से लिया है, जो न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव को कमजोर करता है। न्यायाधीश ने कहा। नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र को डिजिटल गिरफ्तारी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज एफआईआर का विवरण मांगा है।महाराष्ट्र पुलिस को 'डिजिटल अरेस्ट' के फर्जी रूप के बारे में जागरूकता पैदा करने का बीड़ा उठाना चाहिए और स्कूलों और कॉलेजों में कार्यशालाओं, प्रदर्शनों, प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रचार का आयोजन करके नागरिकों को इसके बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि राज्य में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक या डिजिटल निरक्षर साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाएं। करोड़ों रुपये का नुकसान होगा।


राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में देशभर में साइबर अपराधों के 65,893 मामले दर्ज किए गए जो 2018 में दर्ज 27,248 मामलों की तुलना में दोगुने से अधिक हैं। यह वृद्धि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग और साइबर जागरूकता की कमी को दर्शाती है। विशेष रूप से वृद्धजनों के बीच जो डिजिटल अरेस्ट (digital arrest in india), फिशिंग (phishing cyber crime) और वित्तीय धोखाधड़ी (financial fraud) जैसे अपराधों का शिकार हो रहे हैं।

NCRB के आंकड़ों के अनुसार, 2018 से 2022 के बीच साइबर अपराधों में निरंतर वृद्धि देखी गई है: 2018 में 27,248, 2019 में 44,735, 2020 में 50,035, 2021 में 52,974, और 2022 में 65,893 मामले दर्ज किए गए। हालांकि, सीनियर सिटीजन के खिलाफ साइबर अपराधों के विशिष्ट आंकड़े एनसीआरबी द्वारा अलग से नहीं रखे जाते जिससे इस समस्या की गंभीरता को पूरी तरह समझना चुनौतीपूर्ण है। फिर भी हाल के मामलों जैसे मध्य प्रदेश में एक बुजुर्ग से 45 लाख रुपये की ठगी, वृद्धजनों की संवेदनशीलता को उजागर करते हैं। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आती है। इसलिए, साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच मुख्य रूप से राज्यों की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिनमें 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (IyC) की स्थापना भी शामिल है। IyC के तहत, 'नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल' (cybercrime. gov. in) और 'सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम' (CFCFRMS) लॉन्च किए गए हैं, जिन्होंने 2021 से 17।82 लाख शिकायतों को प्रोसेस करके 5,489 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। वित्तीय धोखाधड़ी की त्वरित शिकायतों के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 भी शुरू किया गया है। वैसे केंद्र सरकार ने साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए कई अभियान भी शुरू किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्टूबर, 2024 को 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट की समस्या पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, दूरसंचार विभाग के सहयोग से 19 दिसंबर, 2024 से कॉलर ट्यून अभियान शुरू किया गया जो हिंदी, अंग्रेजी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैला रहा है। अन्य पहलों में सोशल मीडिया, समाचार पत्र विज्ञापन, दिल्ली मेट्रो में घोषणाएं और कनॉट प्लेस में राहगीरी समारोह शामिल हैं। विशेष रूप से केरल में, 2018-2022 के दौरान साइबर धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि देखी गई। जिसमें 2022 में 26 मामले दर्ज किए गए। वृद्धजनों को साइबर ठगों से बचाने के लिए मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण इस बढ़ते खतरे से निपटने की कुंजी है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### बारिश से मिर्च पर किसानों को दोहरी मार, 60% फसल बर्बाद



दैनिक इंदौर संकेत

**खरगौन** • खरगोन जिले में लगातार बारिश के कारण मिर्च की फसल को भारी नुकसान हुआ है। मिर्च उत्पादक किसानों को 60 प्रतिशत तक फसल बर्बाद होने का अनुमान है। आमतौर पर ?200 प्रति किलोग्राम बिकने वाली लाल मिर्च का भाव अब 60 प्रति किलोग्राम भी नहीं मिल पा रहा है, जबकि किसानों ने प्रति एकड़ 25,000 तक का खर्च किया था।

किसान सौभाग सिंह ने बताया कि फसल पककर तैयार थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण तुड़ाई नहीं हो पाई। इससे लाल मिर्च खेत में ही गलकर खराब हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि 60 प्रतिशत तक फसल बर्बाद हो चुकी है और प्रशासनिक स्तर पर अभी तक नुकसान का कोई सर्वे शुरू नहीं किया गया है। इस साल जिले में लगभग 40 हजार हेक्टेयर रकबे में मिर्च की बुवाई की गई थी। किसानों के अनुसार, दशहरा के समय मिर्च की तुड़ाई होनी थी, लेकिन मजदूरों की अनुपलब्धता के कारण इसमें देरी हुई। लगभग 15 दिनों तक इंतजार करने के बाद लगातार बारिश ने फसल को और अधिक नुकसान पहुंचाया, जिससे मिर्च पौधों पर ही गलने लगी।

### तराफा चोरी के 6 आरोपी गिरफ्तार, निर्माण स्थल से पिकअप वाहन में ले गए थे तराफे

दैनिक इंदौर संकेत

**बुरहानपुर** • नेपानगर थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने नाला निर्माण स्थल से 40 तराफे चोरी करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया गया है। यह घटना 9 अक्टूबर की रात की है। एमजी नगर में चल रहे नाला निर्माण स्थल से ये तराफे चोरी हुए थे। आरोपियों ने एक पिकअप वाहन का इस्तेमाल कर रात के समय इस वारदात को अंजाम दिया था। नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे छह आरोपियों की पहचान हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाहपुर निवासी तसलीम और प्रवीण बंजारा, शिकारपुर निवासी सचिन बोरसे और सतीश, तथा सेलगांव निवासी अंकित और सचिन बंजारा शामिल हैं। इन सभी को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया और आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।



### निर्माणाधीन हाईवे पर मक्का सुखा रहे किसान

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** • इंदौर-मुक्ताईनगर नेशनल हाईवे का धनगांव से बड़वाह तक निर्माण कार्य जारी है। हाईवे पूरी तरह तैयार नहीं होने के कारण इसे वाहनों के लिए नहीं खोला गया है। इसी बीच आसपास के गांवों के किसान अधूरे पड़े इस मार्ग का इस्तेमाल अपनी फसल सुखाने के लिए कर रहे हैं।

बड़वाह बायपास पर किसानों ने मक्का फैलाकर सुखाना शुरू किया है। काले डामर पर बिछे पीले मक्के की चमक दूर से ही नजर आती है। यह दृश्य हाईवे पर कई जगह देखने को मिल रहा है। किसानों के मुताबिक, खुले मैदान और धूप के कारण यहां फसल जल्दी सूख जाती है।

### सिंधी समाज का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, भगवान झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** •छत्तीसगढ़ के नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज, उनके इष्टदेव भगवान झूलेलाल और अग्रवाल समाज के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के विरोध में आज सोमवार खंडवा का सिंधी समाज सड़कों पर उतर आया। सिंधी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और युवाओं ने सिंधी कॉलोनी से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और अपर कलेक्टर श्री बजरंग बहादुर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने अमित बघेल के विरुद्ध विधि सम्मत अपराध दर्ज कर शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की है।



सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि, अमित बघेल द्वारा दिए गए एक बयान में सिंधी हिंदू समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल के प्रति एवं सिंधी समाज के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। साथ ही अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराज श्री अग्रसेन जी के विरुद्ध भी अमर्यादित एवं अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि बघेल ने महापुरुष स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय के विरुद्ध भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। समाजजनों ने कहा कि इससे देश के लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

सिंधी समाज खंडवा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि अमित बघेल ने अशांति उत्पन्न करने का प्रयास किया है, अतः उनके विरुद्ध विधि सम्मत अपराध दर्ज कर शीघ्र कठोर कार्रवाई की जाए। इस मांग का समर्थन महादेवगढ़ संरक्षक अशोक पालीवाल, मंगल यादव, अमृतपाल सिंह चावला और रचना तिवारी ने भी किया। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भी अमित बघेल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय पूज्य सिंधी पंचायत के मेठाराम पिंजानी, मोहन दीवान, नरेंद्र लधानी, गिरधारी लाल लालवानी, भीमनदास जीवनानी, जयकिशन तीर्थानी, हरीश मुरझानी, कुंदन चेतवानी, बलराम गिदवानी, मोनू लालवानी और सागर आरतानी, जयराम रेवतानी, ईश्वर जेठवानी, विजय मंगवानी, शम्मू चंचलानी आदि उपस्थित हुए।

### पिकनिक पर गए किशोर की डूबने से मौत :उतावली नदी में मिला शव

दैनिक इंदौर संकेत

**बुरहानपुर**• बुरहानपुर के 17 वर्षीय किशोर फैजान मोहम्मद अनवर का शव सोमवार को उतावली नदी में मिला। वह रविवार दोपहर ग्राम ठाठर के पास काला डोह स्थित पुरानी पुलिया के पास पिकनिक मनाने के दौरान नदी में डूब गया था। होम गार्ड रेस्क्यू टीम और निंबोला पुलिस ने रविवार देर शाम तक उसकी तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था।

सोमवार सुबह निंबोला पुलिस और रेस्क्यू टीम ने फिर से तलाश शुरू की, जिसके बाद फैजान का शव नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया।



#### माता-पिता का पहले ही हो चुका निधन

निंबोला थाना प्रभारी राहुल कांबले ने बताया कि फैजान अपने करीब 20 से अधिक रिश्तेदारों और परिचितों के समूह के साथ उतावली नदी के तट पर पिकनिक मनाने आया था। समूह के चार लोग नहाने उतरे थे, तभी फैजान गहरे पानी में चला गया और डूब गया। फैजान के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वह बुरहानपुर में अपने मामा के साथ रहता था।

### आदिवासी स्टाम्प-एग्रीमेंट से बने बंधुआ, बेटियों-पत्नी से रेप

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** • मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य खालवा ब्लॉक में कुपोषण के बाद अब पलायन सबसे बड़ी समस्या बन गई है। रोजगार की कमी के कारण यहां के लोग महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों में मजदूरी करने जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पलायन स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेंट के साथ हो रहा है। दिवाली के बाद इस क्षेत्र के लोग दूसरे राज्यों और शहरों में पलायन कर रहे हैं, क्योंकि सोयाबीन की कटाई के बाद वे बेरोजगार हो जाते हैं। वे कर्नाटक और महाराष्ट्र में गन्ना कटाई और संबंधित व्यवसायों में, साथ ही गोवा और गुजरात में निर्माण कार्यों में काम करते हैं। पलायन की स्थिति इतनी गंभीर है कि गांव के गांव खाली हो गए हैं। घरों में केवल बुजुर्ग बचे हैं, जिनके भरोसे मासूम बच्चे और मवेशी हैं। मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में जाने वाले कई आदिवासी बंधुआ मजदूरी करने को मजबूर हैं। पलायन के दौरान इन आदिवासियों पर अत्याचार के मामले भी सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चियों के साथ रेप और हत्या जैसे अपराध शामिल हैं। खंडवा के खालवा ब्लॉक में 90% गांवों के लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। खालवा ब्लॉक की भौगोलिक स्थिति अनूठी है, क्योंकि इसकी सीमाएं एक प्रांत और तीन जिलों से लगती हैं। यह हरदा, बैतूल, बुरहानपुर और महाराष्ट्र की सीमाओं से घिरा हुआ है।

# एमसीए ने दी हरमनप्रीत सहित भारतीय महिला टीम को बधाई

**मुंबई (एजेंसी)** • भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत पर दिग्गज क्रिकेटरों वेंकटेश प्रसाद, ईशांत शर्मा, सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स के साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टीम को बधाई दी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया में लिखा, कप्तान हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम को ऐतिहासिक विश्व कप जीत पर ढेर सारी बधाई! आपके कौशल, दृढ़ संकल्प और जज्बे ने एक पीढ़ी को प्रेरित किया है और देश को बेहद गौरवान्वित किया है।

वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने लिखा, विश्व चैंपियन! हमारी महिला भारतीय क्रिकेट टीम का अविश्वसनीय प्रदर्शन, सच्चा टीम वर्क, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन। हर खिलाड़ी ने पूरे जुनून से खेला और विश्व कप जीत। बहुत गर्व है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिलीवियर्स ने लिखा, टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम को भी फाइनल में पहुंचने



पर गर्व होना चाहिए। महिला क्रिकेट दुनिया भर में तरक्की कर रहा है। यह टूर्नामेंट और फाइनल मैच दोनों काफी शानदार रहे। वहीं पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने लिखा, इतिहास रच दिया! हमारी महिला टीम ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। यह जीत आने वाली पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। यह उनके जज़्बे, हिम्मत और भरोसे की शानदार जीत है! आपने एक अरब लोगों के दिलों को गर्व से भर दिया है!

इसके अलावा पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, इन खिलाड़ियों के सफर को मैंने करीब से देखा है, और मैं कह सकता हूं कि यह ऐतिहासिक जीत उनकी अच्छी तैयारी, लगातार कोशिश और अटूट इरादे का परिणाम है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने हर मुश्किल का सामना शानदार अनुशासन, विश्वास और एकता के साथ किया। उनका सकारात्मक रवैया और समर्पण कभी कम नहीं हुआ। यह वर्ल्ड कप जीत दिखाती है कि जब सपना, मेहनत और भरोसा एक साथ मिलते हैं, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

एमसीए ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया, इतिहास रच दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला विश्व कप जीतने पर बधाई। आपके जुनून, दृढ़ता और शक्ति ने करोड़ों दिलों को गर्व से भर दिया है।

# यामी ने क्यों चुना शाह बानो का किरदार?

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री यामी गौतम धर ने फिल्म 'हक' और अपनी अन्य फिल्मों को चुनने का असली मकसद बताया है। यामी गौतम एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनकी फिल्मों की लिस्ट उनके शानदार परफॉर्मेंस की रेंज और सोच-समझकर चुने गए किरदारों को दिखाती है। सालों से उन्होंने कई यादगार परफॉर्मेंस दी हैं, जिससे दर्शक, आलोचक और फिल्ममेकर्स सभी उनके कायल हैं। कई हिट और सराही गई फिल्मों के बाद यामी गौतम अब अपनी आने वाली फिल्म 'हक़' में एक और दमदार और इमोशनल परफॉर्मेंस के लिए तैयार हैं। फिल्म में वह शाह बानो का किरदार निभा रही हैं। कहानी सर्वोच्च न्यायालय के चर्चित मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम केस से जुड़ी है। यामी गौतम ने कहा कि 'हक़' का मकसद बहस नहीं, बल्कि बातचीत शुरू करना है, ताकि दर्शकों को ऐसा सिनेमा मिले, जो उनके दिल को छू जाए। फिल्म 'हक़' की स्क्रिप्ट चुनने को लेकर यामी गौतम ने कहा कि हमारा मकसद किसी बहस को शुरू करना नहीं, बल्कि बातचीत को आगे बढ़ाना है।






# सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता: श्रद्धा

**मुंबई (एजेंसी)** •मुंबई (ईएमएस)। अभिनेत्री श्रद्धा दास का मानना है कि सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि लगातार काम करते रहना और खुद के लिए मौके बनाना ही असली कुंजी है। इंटरव्यू में श्रद्धा दास ने कहा, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत छोटे-बड़े हर तरह के रोल से की। कभी गाने किए, कभी सपोर्टिंग किरदार निभाए। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। आज के समय में किसी बड़ी फिल्म के लॉन्च का इंतजार करना बेकार है। अगर आप बाहर से आते हैं, तो लगातार काम करते रहना और सही प्रोजेक्ट्स को स्वीकार करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है।' उन्होंने बताया कि जब भी वह कोई प्रोजेक्ट चुनती हैं, तो सबसे पहले डायरेक्टर के अनुभव और दृष्टिकोण को महत्व देती हैं। इसके बाद वह प्रोडक्शन हाउस, सह-कलाकारों और स्क्रिप्ट पर ध्यान देती हैं। श्रद्धा ने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि मेरा किरदार कहानी में एक फर्क लाए। मैं हमेशा यह देखती हूं कि मेरी भूमिका सिर्फ स्क्रीन पर मौजूद न हो, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने में भी अहम हो।' श्रद्धा दास की हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'सच: द नैना मर्डर केस' को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। उनकी इस सीरीज की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईएमडीबी ने श्रद्धा को भारतीय सेलिब्रिटी की सूची में पहला स्थान दिया। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उनका आईएमडीबी रैंक लगभग 1400 था, जो फिल्म 'खाकी' के बाद बढ़कर 82 हो गया। 'नैना मर्डर केस' की रिलीज के बाद उनकी रैंकिंग तेजी से बढ़ी पहले सप्ताह वह 15वें स्थान पर थीं, फिर चौथे पर और आखिर में नंबर 1 पर पहुंच गईं। श्रद्धा ने कहा, 'मेरे पास न कोई पीआर टीम है, न आईएमडीबी से कोई व्यक्तिगत संपर्क।

# गंभीर ने महिला टीम को बधाई दी, ये जीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी



**सिडनी (एजेंसी)** • भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आईसीसी महिला विश्व कप में मिली शानदार जीत पर भारतीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल इतिहास रचा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का काम भी किया है। गंभीर ने टीम के जीत दर्ज करते ही कहा कि इससे भावी पीढ़ियों की लड़कियों को इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के फाइनल में मिली हार से उबरते हुए इस बार कोई गलती नहीं की। टीम को बधाई देते हुए, गंभीर ने सोशल मीडिया में लिखा, 'आपने न केवल इतिहास रचा है, बल्कि एक ऐसी विरासत भी बनाई है जो आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों को प्रेरित करेगी! 'भारतीय क्रिकेट टीम ने खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब जीता।

## उज्जैन संभाग

# कुत्ते ने दो दिन में लोगो 11 को काटा, 5 वर्षीय बच्ची घायल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। शहर के मोहन नगर में एक स्ट्रीट डॉग ने दो दिन में 11 लोगों को काट लिया। इसमें एक 5 वर्षीय बालिका भी शामिल है जो अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान डॉग ने उस पर हमला कर दिया जिससे वो बुरी तरह से घायल हो गई।

शहर में हॉल ऋषि नगर, महानंदा, महाश्वेता, सेठी नगर, भार्गव नगर सहित अन्य कॉलोनियों में स्ट्रीट डॉग राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं। आगर रोड स्थित बजरंग द्वारा के पास मोहन नगर में रविवार को एक स्ट्रीट डॉग ने 11 लोगों पर हमला किया। यहां रहने वाली बच्ची परी नागर घर के बाहर खेल रही थी, इस दौरान सड़क पर खड़े कुत्ते ने उस हमला कर हाथ में काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया।

इसी तरह दो बच्चों को भी पैर में काट लिया। स्थानीय निवासी कुलदीप नागर ने बताया कि एक ही कुत्ते ने 11 लोगों पर हमला किया है। इसकी शिकायत नगर निगम में भी की गई। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पिछले माह ऋषिनगर में भी स्ट्रीट डॉग्स ने पांच लोगों को एक साथ काट लिया था। दो बच्चों को काटने के बाद पार्षद को शिकायत की गई थी जिसके बाद नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली गैंग को बुलाया। इसका एनिमल एक्टिविस्ट ने विरोध किया था, लेकिन बाद में गैंग कुत्ते को पकड़कर ले गई थी।

2024 में शहर में डॉग बाइट की लगभग 20000 और 2025 में जून तक 10,000 से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं। कुछ गंभीर मामले भी सामने आए थे जिसमें पिछले हफ्ते ही गाड़ी के सामने कुत्ता आ जाने के कारण एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। एक 7 साल के बच्चे के सिर की चमड़ी उधड़ गई थी। वहीं एक 70 वर्षीय बुजुर्ग के पैर की नस काटने की नौबत आ गई थी। कुत्ता पीछे पड़ने से कई एक्सीडेंट की घटना भी हो चुकी हैं।

# मोर पंख और गले में तुलसी की माला पहनकर सजे बाबा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर आज मंगलवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार मे हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। आज बाबा महाकाल भी भक्तों को दर्शन देने के लिए सुबह 4 बजे जागे। जिन्होंने मस्तक पर वैष्णव तिलक लगाकर भक्तों को श्री कृष्ण स्वरूप में दर्शन दिए। जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से भी गुंजायमान हो गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर मे कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर आज मंगलवार सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। जिसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया गया। पूजन के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने इस दौरान बाबा महाकाल का श्रीकृष्ण स्वरूप में शृंगार कर कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट के धारण कराया गया। जिसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई। आज के शृंगार की विशेषता यह थी कि आज बाबा महाकाल का भांग से शृंगार कर मस्तक पर वैष्णव तिलक, सिर पर मोर पंख और गले में तुलसी बेलपत्र की माला पहनाकर भस्म आरती में श्री कृष्ण स्वरूप में शृंगार किया गया था। इन दिव्य दर्शनों का लाभ हजारों भक्तों ने लिया और जय श्री महाकाल का जयघोष भी किया। मान्यता है की भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार स्वरूप मे दर्शन देते हैं।

# तकिया मस्जिद की जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद को दोबारा बनवाने के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का रुख किया था। हालांकि, पहले सिंगल बेंच और फिर डबल बेंच ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में अपील खारिज होने के बाद पक्षकार ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में इसी हफ्ते में सुनवाई होनी है। उज्जैन में 11 जनवरी 2025 को जिला प्रशासन ने महाकाल मंदिर के शक्ति पथ के पास बानी पार्किंग से लगी जमींन को खाली करवाने को लेकर जमीन पर मौजूद 257 मकानों और तकिया मस्जिद को ध्वस्त कर दिया था। मुस्लिम पक्ष का कहना था कि 200 वर्ष पुरानी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है, जबकि प्रशासन ने अवैध निर्माण बताकर मकानों और मस्जिद को तोड़ दिया था।

तकिया मस्जिद को गिराए जाने के मामले में मस्जिद में नमाज अदा करने वाले तेरह नमाजियों की ओर से इंदौर हाईकोर्ट के सिंगल और फिर



डबल बेंच में चुनौती देते हुए जमीन को वक्फ की जमीन बताते हुए मस्जिद को तोड़ने की प्रक्रिया को गलत बताया था। लेकिन यहां पर पक्षकारों की हार हो गई। कोर्ट ने प्रशासन के पक्ष में फेसला सुनाया था। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। जिसमें महाकाल मंदिर के लिए ली गई जमीन के अधिग्रहण को गलत बताया है।

याचिकाकर्ता के वकील सय्यद अशहर वारसी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई है। अगले हफ्ते नंबर आ सकता है। हमने कोर्ट में जिला प्रशासन द्वारा वक्फ की जमीन पर गलत तरीके से अधिग्रहण करने का आरोप लगाते हुए वक्फ की संपत्ति पर हुए अधिग्रहण को चैलेंज किया है।

महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र से लगी जमीन पर अब महाकाल मंदिर समिति अब एक बड़ी फोर व्हीलर और टू व्हीलर पार्किंग बनाने जा रही है। इसके आगे खाली पड़ी जमीं पर अन्य प्रकल्प भी होना है। इसके लिए मकानों और मस्जिद को हटाया गया था। उस दौरान यहां रहने वालों को 32 करोड़ रुपए का मुआवजा भी दिया गया था। कुल 257 मकानों को खाली करा लिया गया था।

उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के विस्तार के लिए शनिवार को निजामुद्दीन कॉलोनी के 257 मकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। प्रशासन ने मकान मालिकों को पहले ही नोटिस दे दिए थे। शुक्रवार रात मुनादी करवाई और लोगों को मकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया था।

# खुद को आग लगाई और दौड़ पड़ा पत्नी की ओर, इलाज के दौरान मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन में फर्नीचर निर्माता के आत्मदाह करने का वीडियो सामने आया है। करीब 80% झुलसने के चलते उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला रविवार दोपहर माधवनगर थाना क्षेत्र के शिवाजी पार्क इलाके का है। यहां फर्नीचर बनाने वाले राजेंद्र शर्मा ने पारिवारिक विवाद में खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसने पर उसे तत्काल चरक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया गया था। इंदौर में इलाज के दौरान उसने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया।

मौत होने से पहले राजेंद्र ने पुलिस को बताया- मेरी पत्नी ज्योति और बेटी माही को शिप्रा विहार निवासी मेरा बहनोई संतोष कुमार अपने साथ ले गया है। इसी के चलते मैंने यह कदम उठाया है।

## पत्नी बोली- मुझे मारना चाहता था

राजेंद्र की पत्नी ज्योति शर्मा ने पुलिस को बताया- वह मुझे भी जलाकर मारना चाहता था।



लपटों में घिरा मेरी तरफ दौड़ा था।

ज्योति ने कहा- पति शराब पीता था। सट्टा भी खेलता था। इसके लिए हमसे पैसे मांगता था। नहीं देने पर मुझे और तीनों बेटियों से मारपीट करता था।

राजेंद्र शर्मा की बेटी माही ने कहा- 22 अक्टूबर को पापा ने मुझे और मां को घर से बाहर निकाल दिया था। जिसके बाद हम लोग शिवाजी पार्क में रहने वाले फूफा जी संतोष शर्मा के घर पर रहने आ गए थे। इस दौरान उन्होंने घर के बाहर हंगामा किया। जब हम उन्हें रोकने आए तो उन्होंने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। उन्होंने मेरे पति और फूफा जी पर जो आरोप लगाए हैं, वे गलत है।

सीएसपी दीपिका शिंदे ने कहा- राजेंद्र की बेटी माही से बातचीत करने पर जानकारी मिली है कि उसके पिता, मां के साथ आए दिन विवाद और मारपीट करते थे। माही अपने पति मोंटी के साथ अलग रहती है जबकि उसकी मां पति और दो छोटी बेटियों के साथ रहती है। राजेंद्र के भाई अजय ने रविवार को कहा था- भाई परिवार के साथ नागझिरी में सनराइज सिटी में रहता था। उसका पत्नी ज्योति से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में नागझिरी थाने में शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। आज उसे पत्नी ज्योति, दामाद मोंटी, रिश्तेदार संतोष शर्मा ने जला दिया।

# इंदौर मेट्रो खजराना से बड़ा गणपति तक होगी अंडरग्राउंड!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● इंदौर के विकास की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया गया है। अब शहर की मेट्रो खजराना से बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड चलेगी। ये फैसला विकास कार्यों की समन्वय बैठक में हुआ, जिसमें विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्वीकार किया कि कुछ इलाकों में मेट्रो निर्माण 'अनियोजित' तरीके से हुआ, जिससे शहर की सुंदरता पर असर पड़ा। उन्होंने कहा कि अब योजना में सुधार कर नई दिशा दी जाएगी।



**समीक्षा बैठक में हुआ बड़ा फैसला**-इंदौर में सोमवार को हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शहर की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**ऊपरी लाइन से बिगड़ी सूरत-विजयवर्गीय**-बैठक के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने माना कि कुछ हिस्सों में मेट्रो की लाइन जमीन के ऊपर बिछाई गई, जिससे शहर की सूरत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि इस गलती से सबक लेते हुए अब नई योजना में बदलाव किया जाएगा। खजराना से बड़ा गणपति तक की मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड बनाने का निर्णय इसी सुधार के तहत लिया गया है।

**नदियों और टैक्स व्यवस्था पर भी चर्चा**-बैठक में सिर्फ मेट्रो प्रोजेक्ट ही नहीं, बल्कि शहर की नदियों और टैक्स व्यवस्था को लेकर भी अहम दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि इंदौर की नदियों को पुनर्जीवित करने और टैक्स संग्रह प्रणाली को और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### शहर के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

अंडरग्राउंड मेट्रो का निर्णय इंदौर शहर के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या कम होगी, बल्कि शहर की खूबसूरती भी बनी रहेगी। प्रशासन का दावा है कि इस नई योजना से इंदौर की स्मार्ट सिटी परियोजना को और मजबूती मिलेगी और शहर का बुनियादी ढांचा आधुनिक स्वरूप लेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार तत्काल धान और गेहूं की खरीदी शुरू की जाए -सिंघार

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● धान और गेहूं की खरीदी अब मध्य प्रदेश सरकार नहीं करेगी। सरकार का कहना है कि हमारे पास पैसे नहीं हैं, हम कर्ज में डूबे हुए हैं। जब धान और गेहूं की खरीदी का समय आता है, तब आप जिम्मेदारी केंद्र के पाले में डाल देते हैं। लेकिन इन्हीं किसानों ने मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई थी। आपने चुनावों में वादा किया था कि हम 2700 में गेहूं और 3100 में धान खरीदेंगे। दो साल होने को आए, किसान अब भी परेशान हैं। बड़े-बड़े कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए खर्च होते हैं यह प्रदेश की जनता का पैसा है। उस समय आपको कर्ज की बात क्यों नहीं याद आती? जब किसानों की खरीदी का समय आता है, तब आपको कर्ज याद आता है। अपने हेलीकॉप्टर और प्लेन में आपको कर्ज नहीं दिखता। मुख्यमंत्री जी, आप तत्काल धान और गेहूं की खरीदी शुरू करें, किसानों के दुख-दर्द को समझें यही मेरा आपसे अनुरोध है।

### शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● शासकीय विद्यालयों में सोमवार से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हुई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं में व्यापक बदलाव के कारण ये परीक्षाएं दिसंबर माह के बजाए नवंबर माह में हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा नीति के तहत अब पूरक परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। इसके स्थान पर अब जनवरी-फरवरी में बोर्ड द्वारा प्रथम परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी सभी विषयों में भी अनुत्तीर्ण होता है तो उसके लिये द्वितीय परीक्षा का आयोजन आगामी जून-जुलाई माह किया जाएगा। इसी प्रकार तिमाही, छ: माही परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक परीक्षार्थी के वार्षिक परीक्षा में अनुपातिक रूप से जुड़ने की वजह से परीक्षार्थी अब तिमाही छ: माही परीक्षाओं को गंभीरता से लेने लगे है।

## मदरसे अब अवैध गतिविधियों का केंद्र-विजयवर्गीय

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। बैग में 500-500 रुपए के नोट के बंडल थे। जब पुलिस ने नोटों की गिनती की तो 19 लाख 78 हजार रुपए के नकली नोट निकले। अब इस कांड के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मदरसों पर लेकर बड़ी बात कही है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को कहा कि - मुझे लगता है कि मदरसे वाले जितने भी हैं, वे अवैध गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं। पहले ऐसा नहीं था, लेकिन अब बाहर के लोग आकर यहां आकर काम कर रहे हैं और अवैध गतिविधि भी कर रहे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार को सभी मदरसों की जानकारी हासिल करनी चाहिए। जो यहां पढ़ाने वाले हैं, उनकी भी जानकारी लेना चाहिए। यहां पर क्या गतिविधियां चल रही हैं। उस पर भी सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। इस मामले में मैं सीएम से भी निवेदन करूंगा कि जो मदरसे चल रहे हैं, इस पर नीति बनानी चाहिए। खंडवा के पैठियां गांव के मदरसे में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से करीब 20 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब मालेगांव पुलिस ने जुबेर और उसके साथी नजीम अकम अयूब अंसारी को 10 लाख के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। दो में से एक आरोपी तो पैठियां गांव की मस्जिद का इमाम जुबेर है। पुलिस पैठियां गांव पहुंची और (खंडवा के मदरसे में मिले नकली नोट) मदरसे पर छापा मारा और मस्जिद के इमाम जुबेर के कमरे से एक बैग में नकली नोटों को बरामद किया।

## शहर में अनेक बिल्डरों के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायतों पर क्राइम ब्रांच को मिली सफलता

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर में आम लोगों के साथ ही कई बिल्डरों को धोखा देने वाला भूमाफिया प्रवीण जैन अब क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया है। प्रवीण पर तीन करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया गया था। वहीं, अब क्राइम ब्रांच इंदौर ने जैन और उसके साथी प्रवीण सिसोदिया को गिरफ्तार किया है।




इंदौर क्राइम ब्रांच को आवेदक विशाल सिंह के जरिए एक शिकायत आवेदन पत्र दिया गया था। इसमें कहा गया कि जैन, सिसोदिया और अन्य आरोपियों ने फर्जी अनुबंध और फर्जी मानचित्र बनाकर करोड़ों रुपए की जमीन की धोखाधड़ी की। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भूमि स्वामित्व को लेकर चल रहे सिविल केस और अन्य जानकारी छिपाई थी। इसके साथ ही, कूटरचित अनुबंध पत्र और कूटरचित अवैध फर्जी कॉलोनी का नक्शा तैयार किया था। फिर तीसरे पक्ष को बेचकर इस भूमि की रजिस्ट्री कर 3.62 करोड़ की ठगी की।

यह हैं आरोपी-अपराध क्रमांक 188/25 के तहत आरोपियों पर धारा 318(4), 340(2), 336(3), 338, 61(2), 3(5) BNS भारतीय न्याय संहिता (BNS) में केस दर्ज किया गया है।

आरोपी 1. चंदन पिता स्व. प्रभुलाल, 2. मेहरबान सिंह पिता प्रभुलाल, 3. सीमाबाई पति दशरथ, 4. कृष्णाबाई पति मोहनलाल, 5. प्रवीण पूनमचंद जैन, 6. प्रवीण सिसोदिया हैं।

क्राइम ब्रांच की टीम ने जांच के बाद आरोपी प्रवीण सिसोदिया और प्रवीण पूनमचंद जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक जमीन की धोखाधड़ी कर रहे थे। जांच में क्राइम ब्रांच इंदौर की EOW इन्वेस्टिगेशन टीम का विशेष योगदान रहा।

जैन और उसके साथी दामाद दोनों ही कई बिल्डरों के साथ पार्टनरशिप में काम कर चुके हैं। इस पार्टनरशिप के दौरान जैन ने कई लोगों के साथ ठगी की और करोड़ों का खेल किया है। इस मामले में पहले भी उसके खिलाफ शिकायतें हो चुकी हैं और वह जेल भी जा चुका है।

## आयकर विभाग ने अब बिल्डरों और जमीन मालिकों को लिया जांच के घेरे में

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● रियल सेक्टर बीते कुछ महीनों से सुस्ती में था। वहीं, अब इसे एक और बड़ा झटका लगा है। इंदौर इन्वेस्टिगेशन विंग ने एक-दो नहीं, ढाई सौ से ज्यादा नोटिस/समन जारी किए हैं। इन सभी को बयान और जवाब के लिए विभाग में बुलाया जा रहा है।

यह नोटिस ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट (JDA) वालों को भेजे गए हैं। इसमें किसान के साथ बिल्डर/डेवलपर्स टाउनशिप काटने का एग्रीमेंट करते हैं। यह एग्रीमेंट रजिस्टर्ड होता है। इस एग्रीमेंट के बाद आगे सौदों पर कैपिटल गेन टैक्स लगता है। इसी टैक्स वसूली के लिए यह नोटिस जारी हुए हैं।

इन सौदों पर नोटिस देने का कारण यह है कि किसान खेती की जमीन को टैक्स फ्री मानता है। इसी के चलते इसमें अधिकांश टैक्स देते ही नहीं हैं। इसी को लेकर लगातार करोड़ों की टैक्स चोरी की सूचनाएं आयकर विभाग को मिल रही थीं। वहीं, विभाग ने पंजीयन विभाग से इंदौर में हुए सारे ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट की कॉपी ली। इसके बाद इन सौदों के आधार पर एक-एक कर सभी को नोटिस जारी कर दिए। इस एक्ट के तहत जारी किए गए नोटिस।

इन्वेस्टिगेशन विंग इंदौर की ओर से आयकर एक्ट 1961 की धारा 131(ए) के तहत संबंधितों को नोटिस/समन जारी किए गए हैं। इन सभी को एक-एक कर समय देकर विभाग में आकर बयान देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि नोटिस के बाद भी संबंधित दस्तावेजों के साथ नहीं आते हैं, तो इसके लिए दस हजार की पेनल्टी लगेगी। इंदौर में हाल के समय में जिस तरह से जमीन के दामों में तेजी आई है। इसके बाद बिल्डर/डेवलपर्स भी अब जेडीए में अधिक डील कर रहे हैं। इसमें किसान की जमीन रहती है और बिल्डर इसमें समझौता कर कॉलोनी विकास मंजूरी, नक्शा पास कराने से लेकर डेवलपमेंट करने, कॉलोनी काटने और फिर बिक्री तक की जिम्मेदारी लेता है। इसके बदले में एक रेशो डील रहती है जिसमें डेवलप जमीन यानी उसके तय हिस्से में प्लॉट वह ले लेता है। खेती की जमीन बेचने पर आयकर नहीं है, लेकिन इस तरह जेडीए के जरिए सौदा कर खरीदी-बिक्री कैपिटल गेन टैक्स के दायरे में आता है। इसी के चलते आयकर विभाग ने यह नोटिस जारी किए हैं। इसमें किसान और बिल्डर दोनों उलझे हैं और जवाब मांगा गया है।

### सड़क सुरक्षा के संदेश को समाज तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे

## ट्रैफिक प्रहरी अभियान में अब 200 स्कूली स्टूडेंट्स भी सड़क पर करेंगे ट्रैफिक सुधार

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● ट्रैफिक सुधार को लेकर अब स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस दौरान मदरलैंड हासे स्कूल के 200 स्टूडेंट्स ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़े। अब वे शहर के ट्रैफिक को सुचारु बनाने के लिए सक्रिय होंगे। सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर के दिशा निर्देशन में बेहतर यातायात व्यवस्था में आमजन की भागीदारी बढाने हेतु ट्रैफिक प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है।



इसी परिप्रेक्ष्य में अति. पुलिस आयुक्त आरके सिंह तथा पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में ट्रैफिक प्रहरी अभियान गति पकड़ रहा है। इससे कई जिम्मेदार नागरिक, स्टूडेंट्स जुड़ चुके हैं जो सड़क सुरक्षा के संदेश को समाज तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मदरलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल के 9 से 12वीं तक के 200 स्टूडेंट और स्टाफ ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़कर सडक सुरक्षा नियमों को जाना। सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री के मार्गदर्शन में यातायात सूबेदार बृजराज अजनार एवं ट्रैफिक एजुकेशन विंग की टीम द्वारा स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सीखने और समझने योग्य जानकारी जैसे संकेत बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल, लेन मार्किंग, अंडर एज ड्राइविंग नहीं करने, सुरक्षित सड़क क्रास करने, लर्निंग लाइसेंस बनवाने की विधि आदि को ट्रैफिक अल्फाबेट्स और उदाहरणों के माध्यम से रोचक और व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया। बच्चों को यह भी बताया कि आप अपने पेरेंट्स को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें जब भी वह बिना हेलमेट घर से निकले तो उन्हें हेलमेट की याद दिलाएं यदि कार में सफर कर रहे हैं तो सीट बेल्ट लगाने के लिए कहें।

## नई तकनीक से सुधरेगा इंदौर का सबसे पुराना पुल

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर के शास्त्री ब्रिज का एक टुकड़ा धंसने के बाद हरकत में आए नगर निगम ने सोमवार को भी यहां काम जारी रखा। जीएसआईटीएस और नगर निगम के इंजीनियर के साथ जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने ब्रिज का निरीक्षण किया। राठौर ने कहा कि शास्त्री ब्रिज में किसी तरह की दिक्कत नहीं है। वह पूरी तरह सुरक्षित है।

हमने ब्रिज के सुधार कार्य के लिए 40 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस मामले में आज जीएसआईटीएस और नगर निगम के इंजीनियर्स ने ब्रिज का निरीक्षण किया है। उनके कहे अनुसार हम गड्ढे की मिट्‌टी को वापस निकाला है। वहां नए ढंग और तकनीक से गड्ढे का भराव करेंगे। दो दिन में यह काम पूरा करेंगे। इसके अलावा भी ब्रिज पर जहां हमें लगेगा, वहां सुधार करेंगे। राठौर ने कहा कि जहां गड्ढा हुआ है, वहां 25 से 30 साल पुरानी स्लैब थी, वो सड़ गई थी। इस कारण वहां गड्ढा हो गए थे। जहां गड्ढा हुआ है, वहां चाय की दुकान थी, उसे हटा दिया गया है। ब्रिज पर कई लोग वहां बैठे लोगों को खाना दे जाते हैं। इस वजह से भी चूहे आते हैं। ब्रिज का पानी निकलने के लिए बनाए गए होल (वी पोल) में भी चूहों ने बिल बना लिए हैं। ब्रिज के फुटपाथ को भी नए ढंग से बनाएंगे। इंजीनियर्स के साथ निरीक्षण करने पहुंचे राठौर ने कहा कि यहां पेस्ट कंट्रोल भी किया जाएगा। करीब आठ महीने पहले भी इस तरह की समस्या आई थी। इस बार हम पेस्ट कंट्रोल करके ब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्सों को पूरी तरह से ठीक करेंगे। इंजीनियर्स के साथ निरीक्षण करने पहुंचे राठौर ने कहा कि यहां पेस्ट कंट्रोल भी किया जाएगा। करीब आठ महीने पहले भी इस तरह की समस्या आई थी। इस बार हम पेस्ट कंट्रोल करके ब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्सों को पूरी तरह से ठीक करेंगे। राजेंद्र राठौर ने बताया कि मामले में जब इंजीनियरों से पूछा और उनसे रिपोर्ट ली और ब्रिज की तीनों भुजाओं को देखा तो पता चला कि यशवंत टॉकीज की भुजा की ओर बड़ी संख्या में रिक्शा खड़े रहते हैं।


**अच्छी खबर** | सरचार्ज में छूट, आगामी 28 फरवरी 2026 तक दी जाएगी

# बिजली बिल बकायदारों के लिए राहत भरी खबर, मोहन सरकार सरचार्ज करेगी माफ

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

इंदौर ● मध्य प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक राहत की खबर सामने आई है। यदि आप भी बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाए हैं और आपका सरचार्ज बढ़कर काफी ज्यादा हो गया है, तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

प्रदेश सरकार ने ऐसे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक समाधान योजना शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत एक करोड़ रुपए तक के सरचार्ज को माफ किया जाएगा। यह योजना सीएम मोहन यादव के जरिए आज, 03 नवंबर को शुरू कर दी गई है। योजना के मुताबिक, सरचार्ज में छूट 3 नवंबर से लेकर 28 फरवरी 2026 तक दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, उपभोक्ताओं को दो चरणों में छूट मिलेगी। पहला चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को 60 से 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। दूसरा चरण 1 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक होगा। इसमें छूट 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक होगी। मोहन सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह योजना एकमुश्त भुगतान (एक साथ भुगतान) और छह किस्तों में भुगतान दोनों विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी। यदि उपभोक्ता जल्दी भुगतान करते हैं, तो उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। साथ ही, यह छूट



योजनागत तरीके से कम होती जाएगी, यानी पहले चरण में अधिक और बाद में कम छूट मिलेगी। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को समय रहते एकमुश्त भुगतान करने के लिए प्रेरित करेगी, ताकि वे ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। मध्य प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए समाधान योजना शुरू की है, जिसमें एक करोड़ रुपए तक के सरचार्ज को माफ किया जाएगा। योजना 3 नवंबर से 28 फरवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें पहले चरण (3 नवंबर - 31 दिसंबर) में 60-100% और दूसरे चरण (1 जनवरी - 28 फरवरी) में 50-90% सरचार्ज माफ होगा। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान या छह किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिलेगा, जिसमें जल्दी भुगतान करने पर अधिक लाभ मिलेगा। घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, लेकिन सरकारी कनेक्शन इस योजना से बाहर होंगे।

### किसे मिलेगा लाभ और क्या होंगे नियम

इस योजना के तहत घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि और औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। खासकर उन उपभोक्ताओं को, जिनके ऊपर तीन महीने या उससे अधिक का बकाया है। हालांकि, सरकारी कनेक्शनों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, योजना में पंजीयन करवाना आवश्यक होगा। घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को बकाया राशि का 10 प्रतिशत, जबकि गैर-घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान करना होगा, ताकि वे योजना का लाभ ले सकें यदि किसी उपभोक्ता ने निर्धारित समय में दूसरी किस्त का भुगतान नहीं किया, तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) - 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।